डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 218 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | गुरुवार 23 मई 2024 | मूल्य 2 रुपया




## रिहायशी इलाकों में बीमारियों का नेटवर्क!

### अभिनंदन परिक्षेत्र में मोबाईल टॉवर लगाने का विरोध, दिया ज्ञापन



**मंदसौर, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** नियम विरुद्ध और बिना अनुमति के रिहायशी इलाकों में लग रहे मोबाईल टॉवर बीमारियों का नेटवर्क बढ़ा रहे हैं। कई जगहों पर टॉवर लगाने का विरोध हो चुका है। एक बार फिर मामला अभिनंदन परिक्षेत्र का सामने आया है। जहां संयम विहार में कैलाशीबाई पाटीदार के मकान पर टॉवर लगाया जा रहा है। पहले मौके पर रहवासियों ने विरोध किया। इसके बाद नगरपालिका पहुंचकर ज्ञापन दिया। जिसमें कहा गया कि नपा के अनुमति के विपरित मकान निर्माण किया गया। मकान को व्यवसायिक दृष्टी से निर्माण किया गया है।

अब टॉवर कंपनी द्वारा टॉवर लगाने का मकान पर प्रयास किया जा रहा था। जिसे रहवासियों ने रोका था। अब मकान मालिक ने तीसरी मंजिल पर टॉवर लगाया जाना बताया जा रहा है। जिसकी कोई अनुमति भी नहीं है। पास में ही स्कूल होने की बात ज्ञापन में कहीं गई। साथ ही टॉवर लगाने से होने वाले स्वास्थ्य पर विपरित प्रभाव की बात कहकर टॉवर लगाने का काम रोकने की मांग की गई।

### यह है नियम...

मोबाइल टावर को लगाने के लिए भी डिपार्टमेंट ऑफ टेलीकॉम ने नई गाइडलाइंस जारी की है। इनके मुताबिक टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर को स्थानीय प्रशासन या राज्य सरकार से सिंगल विंडो क्लीयरेंस लेना पड़ेगा। राज्य पर्यावरण या वन विभाग से क्लीयरेंस लेना पड़ेगा। राज्य पर्यावरण या वन विभाग से क्लीयरेंस के साथ बिल्डिंग ओनर से मिली नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट जरूरी होगा। इसके अलावा 5 मीटर या उससे कम की संकरी गलियों में टावर नहीं लगाएं जाएंगे। जमीन या छत दोनों पर बने टावर्स पर लगे एंटीना के ठीक सामने इमारत नहीं होनी चाहिए। सभी सर्विस प्रोवाइडर्स को ये गाइडलाइंस माननी होंगी और इनको न मानने पर एक टॉवर पर 5 लाख रुपए के जुर्माने का प्रावधान है।

# रेलवे दोहरीकरण:मल्हारगढ़ से मंदसौर ट्रेक का काम तेजी से जारी

### नीमच से मल्हारगढ़ की तरफ पटरियां बिछाने का काम शुरु



फाईल फोटो

**मंदसौर, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** रतलाम-नीमच रेल खंड के दोहरीकरण का काम अलग-अलग सेक्शन में चल रहा है। नीमच से मल्हारगढ़ तक दोहरीकरण के लिए फार्मेशन (अर्थ वर्क) का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। साथ ही 27 मेजर व माइनर ब्रिज निर्माण का कार्य भी 70 फीसदी हो चुका है। नीमच से मल्हारगढ़ के बीच दोनों ओर दूसरी लाइन के लिए स्लीपर के साथ पटरियां बिछाने का काम रेलवे तेज गति से कर रहा है। रेलवे के अनुसार जुलाई 2024 तक नीमच से मल्हारगढ़ तक दोहरीकरण कार्य पूरा करने के साथ दूसरे ट्रैक पर ट्रेन चलाने का लक्ष्य रखा गया है। जबकि, अक्टूबर 2024 तक मल्हारगढ से मंदसौर तक ट्रैक पूर्ण करने का लक्ष्य है।

नीमच से रतलाम रेल खंड के बीच अलग-अलग सेक्टर में दोहरीकरण का कार्य चल रहा है। नीमच से मंदसौर होकर दलौदा खंड में सब कुछ तय शेड्यूल के अनुसार हुआ तो दिसंबर 2024 तक दोहरीकरण का कार्य पूरा कर ट्रेनों का संचालन शुरू हो जाएगा। पहले चरण में नीमच से मल्हारगढ़ तक का काम पूरा करने लक्ष्य है, जिसके तहत हर्कियाखाल और मल्हारगढ़ स्टेशन की नई बिल्डिंग, स्टेशन की लंबाई और फुटओवर ब्रिज बनाने का अधिकांश काम पूरा हो चुका है। दूसरी तरफ दोहरीकरण के तहत पटरियां बिछाने के पहले फार्मेशन (अर्थ वर्क) का काम भी लगभग पूरा हो चुका है। साथ ही 27 मेजर व माइनर ब्रिज निर्माण का 70 फीसदी काम हो चुका है। इसमें कई ब्रिज पूरे हो चुके हैं। लोकसभा चुनाव के कारण काम की रफ्तार धीमी हो गई थी, इस माह से फिर रफ्तार पकड़ ली है।

रेलवे द्वारा जुलाई अंत तक नीमच से मल्हारगढ़ तक के 23 किमी लंबे रेल खंड का दोहरीकरण कार्य पूरा करने और नए ट्रैक पर ट्रेन चलाकर ट्रायल फाइनल करने का लक्ष्य है। इसको ध्यान में रखते हुए तेजी से काम किया जा रहा है। नीमच से मल्हारगढ़ तक बन रहे दूसरे ब्रॉडगेज ट्रैक के पास कई जगह सीमेंट-कांक्रीट के नए स्लीपर और पटरियां उतर चुकी हैं। जहां-जहां अर्थवर्क के साथ अन्य कार्य पूरे हो गए हैं वहां स्लीपर के साथ पटरियां बिछाने का काम किया जा रहा है।

### इनका कहना...

नीमच से रतलाम रेल खंड पर अलग-अलग सेक्शन में लक्ष्य के अनुसार कार्य किया जा रहा है। नीमच से मल्हारगढ तक दोहरीकरण के लिए रेलवे ने नया शेड्यूल तय किया है। उसके मापदंडों के अनुरूप तेजी से कार्य कर रहे हैं।

**खेमराज मीणा, जनसंपर्क अधिकारी रेलवे मंडल रतलाम**

## ऐसे बिछा रहे स्लीपर और पटरियां...

रेलवे द्वारा नीमच, हर्कियाखाल और मल्हारगढ स्टेशन को बेस बनाते हुए तीनों जगह से काम किया जा रहा है। मल्हारगढ और नीमच से हर्कियाखाल की तरफ और हर्कियाखाल से नीमच व मल्हारगढ की तरफ स्लीपर व पटरियां बिछाने का काम किया जा रहा है। यानी एक साथ 4 पॉइंट पर काम करने के साथ बीच-बीच के कुछ हिस्सों में स्लीपर व पटरियां बिछाई जा रही हैं।

### इलेक्ट्रिफिकेशन का काम भी जारी...

नीमच से मल्हारगढ़ के बीच इलेक्ट्रिफिकेशन का कार्य भी किया जा रहा है। इसके तहत पोल लगाने का काम अंतिम चरण में है। साथ ही अन्य उपकरण लगाने और इलेक्ट्रिक लाइन डालने की तैयारी की जा रही है। रेलवे के अनुसार इस ट्रैक पर दोहरीकरण को लेकर जो भी काम होना है वह एक साथ किए जा रहे हैं।

### ट्रैक के दोनों तरफ बाउंड्रीवॉल भी बनाएंगे...

रेलवे द्वारा ट्रैक पर जहां-जहां जरूरत है वहां दोनों तरफ बाउंड्रीवॉल का निर्माण किया जा रहा है। इसमें रेलवे फाटक, पुल-पुलिया और ऐसे पॉइंट जहां कुछ दूरी पर रास्ते हैं और पटरी पार करने की आंशका है, वहां लाइन के दोनों तरफ जरूरत के अनुसार लंबी बाउंड्रीवॉल का निर्माण किया जा रहा है।

# गोस्वामी बंधुओं ने की मंदसौर के कॉलेजों की दलाली?

## पूर्व जिपं अध्यक्ष पति और देवर ने जुटाए थे कई जिलों के कॉलेजों से रुपए

**मंदसौर, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** नर्सिंग कॉलेज की जांच के खेल में पूर्व जिपं अध्यक्ष प्रियंका गोस्वामी के पति मुकेश गोस्वामी और देवर ओम गोस्वामी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रदेश के कॉलेजों की दलाली का जिम्मा दो लोगों में बटा था। जिसमें इंदौर के प्रत्यांश कॉलेज ऑफ नर्सिंग के चेयरमैन ओम गोस्वामी ने मंदसौर के अलावा इंदौर, धार, खरगोन, मंडलेश्वर नर्सिंग कॉलेजों के चेयरमैन से पैसे जुटाए थे। ओम के साथ मुकेश गोस्वामी के अलावा इंदौर के रवि भदौरिया, कमल ईरानी, आशीष चौहान, मोहित निरोगे, गौरव शर्मा और वेद शर्मा का नाम भी शामिल है। अभी तक कुल 23 लोगों के खिलाफ एफआईआर हो चुकी है। इनसे पूछताछ की जा रही है।

बता दे कि विधानसभा चुनाव में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका गोस्वामी का नाम भाजपा से टिकिट के लिए चर्चाओं में था। इधर बात करें उनके पति मुकेश गोस्वामी की तो वह भी मंदसौर की राजनीति में कुछ समय पहले तक खासे सक्रिय नजर आ रहे थे। अचानक से चुनाव के पहले वह भूमिगत हो गए। विस और लोस जैसे चुनाव में भी कहीं नजर नहीं आए। इसका कारण था कि इसी दौरान नर्सिंग कॉलेजों की जांच चल रही थी। मतलब यह कहा जा सकता है कि मुकेश गोस्वामी रिश्वतखोरी के इस खेल में अपने भाई के साथ लगे हुए थे।

### ओम पहुंचाता था अधिकारियों को पेमेंट...

सीधे तौर पर आरोपी सीबीआई के अधिकारी किसी भी कॉलेज से रुपए नहीं लेते थे। इनका माध्यम था ओम गोस्वामी सहित अन्य आरोपी। जुबेर शेख, प्रीति तिलकवार और तनवीर खान को भी कॉलेजों से रिश्वत की रकम जुटाने की जिम्मेदारी दी गई थी। इन लोगों ने रिश्वत के पैसे ओम गोस्वामी को दिए।

### * कॉलेज को सूटेबल बताने के लिए दो लाख से दस लाख रुपए था रेट
### * अधिकारी, नर्सिंग ऑफिसर से लेकर पटवारी तक में बटा रुपया

गोस्वामी ने ये पैसे सीबीआई अधिकारियों तक पहुंचाए। इस रैकेट की बिचौलिया इंदौर की प्रीति तिलकवार ने ओम गोस्वामी के कहने पर रिश्वत के 10 लाख रुपए इंदौर से भोपाल पहुंचाए थे। इसे होशंगाबाद रोड के निखिल बंगलोज में रहने वाले सचिन जैन को दिए। सचिन ने आगे ये पैसा मलय कॉलेज के संचालक अनिल भास्करन को दिया। अनिल ने इस पैसे को इंस्पेक्टर राहुल तक पहुंचाया। उसी दौरान सीबीआई ने प्रोफेसर कॉलोनी में राहुल के घर पर छापेमारी की और नकदी बरामद की।

### ओके की रिपोर्ट के लिए दो से दस लाख तक की वसूली...

भोपाल के सीबीआई अफसरों ने हाईकोर्ट के भरोसे को तोड़ते हुए नर्सिंग कॉलेजों की जांच के नाम पर भ्रष्टाचार की दुकान खोल ली। नर्सिंग कॉलेजों की जांच करने वाली हर टीम का सदस्य इस भ्रष्टाचार में शामिल था। सभी का रेट फिक्स था। सीबीआई की एफआईआर में खुलासा हुआ है कि कॉलेजों को सूटेबल बताने के लिए भोपाल सीबीआई अधिकारियों ने 2 से 10 लाख रुपए तक का रेट फिक्स कर रखा था। जांच टीम में शामिल नर्सिंग ऑफिसर के 50 हजार और पटवारी को 20 हजार रुपए तक के रेट तय थे। अलग-अलग दलालों को एमपी के अलग-अलग हिस्सों का जिम्मा सौंपा गया था।

जांच टीम में शामिल नर्सिंग स्टाफ को 25 हजार से 50 हजार, पटवारियों को 5 हजार से 20 हजार रुपए दिए जाते थे। पटवारी और नर्सिंग स्टाफ को ये पैसा इंस्पेक्शन के दिन या उसके अगले दिन पहुंचा दिया जाता था। हाईकोर्ट के निर्देश पर इन्हें मप्र के करीब 600 कॉलेजों की जांच करनी थी। सीबीआई की अलग-अलग टीमों ने 308 कॉलेजों की जांच कर इसकी रिपोर्ट इसी साल जनवरी में हाईकोर्ट में पेश की थी। इसमें 169 कॉलेजों को सूटेबल, 74 को डिफिशिएंट और 65 कॉलेजों को अनसूटेबल की कैटेगरी में रखा था। बाकी बचे हुए कॉलेजों के इंस्पेक्शन की रिपोर्ट हाईकोर्ट में सबमिट करनी थी। इसके लिए सीबीआई अधिकारियों ने कॉलेज संचालक और दलालों के साथ मिलकर भ्रष्टाचार का एक पूरा रैकेट तैयार किया। इसमें हर किसी की भूमिका तय थी।

## मां-बेटियों के साथ धोखाधड़ी

### स्टेटमेंट चेक करने के नाम पर एटीएम लिया, निकाल लिये रुपए

**मंदसौर, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** नई आबादी थाना क्षेत्र के राजाखेड़ी गांव की एक महिला और उसकी दो बेटियों के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। इसमें जमीन बेचने वाले दलालो ने स्टेटमेंट चेक करने के बहाने एटीएम लिए और रुपए निकाल लिए। मामले में पुलिस ने दो दलालो के विरूद्ध धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राजाखेड़ी निवासी महिला ने शिकायत दर्ज करवाई की उन्होंने अपनी खेती की जमीन विक्रय की थी। रतलाम जिले के रहने वाले मोहन सिंह की मदद से बैंक में दो बेटी राधा और ललिता के साथ खुद के खाते खुलवाए थे। जमीन के सौदे में भी मोहन सिंह शामिल था। तीनो बैंक अकाउंट में 13 लाख 83 हजार 500 रुपए की राशि जमा हुई थी। आरोपी मोहन सिंह व उसके साथी मेहरबानसिंह पिपलियामंडी ने तीनों अकाउंट के एटीएम स्टेटमेंट चेक करने के बहाने ले लिए और कई दिनों तक नहीं लौटाए। महिला ने शिकायत में बताया की वह कम पड़ी लिखी है और उसे बैंक संबंधी जानकारी नहीं थी। जब उसका बेटा जेल से छूटकर आया तो उसे बताया। इसके बाद धोखधड़ी का पता चला। महिला ने दोनों पर बैंक से धोखधड़ी कर रुपए निकालने के आरोप लगाए हैं। मामले में नई आबादी पुलिस ने मोहन सिंह व मेहबान सिंह के खिलाफ धोखधड़ी का प्रकरण प्रकरण दर्ज किया है।

## बाईक सवार से मिली दो किलो अफीम, गिरफ्तार

**मंदसौर, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** नारायणगढ़ थाना क्षेत्र की झार्डा पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक बाइक सवार युवक के कब्जे से 3 लाख रुपए कीमत की 2 किलो अफीम बरामद की है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/18 के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

झार्डा चौकी प्रभारी मनोज गर्ग से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस द्वारा झार्डा-मनासा रोड बालाजी मंदिर के पास वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध बाइक क्रमांक एमपी44 जेडबी2244 को रोक कर तलाशी ली, तो बाइक सवार युवक के कब्जे से 2 किलो अवैध मादक पदार्थ अफीम बरामद की गई। जब्त अफीम की कीमत 3 लाख रुपए बताई जा रही है। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम लोकेश पिता जगदीश नागदा उम्र 24 साल निवासी उचेड़ थाना मनासा बताया। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अवैध मादक पदार्थ तस्करी की धारा एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अपराध दर्ज किया है।

### चार दिन की रिमांड पर आरोपी...

मामले में पुलिस ने आरोपी लोकेश पिता जगदीश नागदा उम्र 24 साल निवासी उचेड़ थाना मनासा को न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे 26 मई तक पुलिस रिमांड पर सौंपा गया है। आरोपी से पुलिस विस्तृत पूछताछ कर यह जानकारी जुटा रही है कि वह अवैध मादक पदार्थ कहां से लेकर आया था और कहां ले जा रहा था।



### नहीं थम रही मुल्तानी गैंग की धोखाधड़ी...

## मंदसौर मंडी में घूम रहे अनुबंध के फर्जी कट्टे

### कृषि उपज मंडी में किसानों के बाद अब व्यापारी परेशान

**मंदसौर, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** अध्यक्ष विहिन कृषि उपज मंडी में किसानों द्वारा परेशान होकर कई बार आंदोलन किया जा चुका है। इसके अलावा अब व्यापारी भी परेशान हो रहे हैं। यहां अब अनुबंध के फर्जी कट्टे भी घूम रहे हैं। असामाजिक तत्वों का बड़ा नेटवर्क सक्रिय हो रहा है। इसमें मंडी कर्मचारियों की मिलीभगत से इंकार नहीं किया जा सकता। कुछ समय पहले मुल्तानी गैंग ने एक व्यापारी को फर्जी रसीद से चुना लगाया था। उन लोगो पर कोई कार्यवाही नहीं होने से हौसले बुलंद होते जा रहे है।

कथित मुल्तानी गैंग द्वारा फर्जी रसीद बनाकर ठगी का एक और मामला बुधवार को सामने आया है। करीब 30 हजार रुपए की लहसुन व्यापारी ने खरीदी ही नहीं और मंडी कमेटी की पर्ची लेकर तीन लोग व्यापारी के पास पहुंच गए। जैसे ही पर्ची को लेकर शंका हुई। तो तीनों पर्ची छोड़ निकल गए। मंडी प्रबंधन को इससे अवगत कराया। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद व्यापारी संघ ने मंडी प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया गया कि इस तरह की घटना से व्यापारी को ठगा जा रहा है। इस तरह के कृत्यों पर रोक लगाने की मांग व्यापारियों ने की है। इस बार मंडी व्यापारी द्वारा थाना यशोधर्मन नगर पुलिस को कठोर कार्यवाही के लिए आवेदन भी दिया गया है।

## सात साल बाद अब छात्रसंघ चुनाव की संभावना

**मंदसौर, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** लोकतंत्र की पहली सिढ़ी कालेजो एवं विश्व विद्यालयों में इस साल से पुनः छात्रसंघ चुनाव हो सकते है। दरअसल विद्यार्थियों में नेतृत्व की क्षमता विकसित करने के लिए चुनाव कराए जाते थे।

इस साल उच्च शिक्षा विभाग ने सत्र 2024-25 की गाइडलाइन तैयार करना शुरू कर दिया है। इस बार चुनाव की संभावना इसलिए है, क्योंकि वर्तमान मुख्यमंत्री ने उच्च शिक्षा मंत्री रहते हुए प्रस्ताव तैयार कराया था और मुख्यमंत्री को भेजा था। इस बार वे खुद मुख्यमंत्री हैं, इसलिए लोकसभा चुनाव के बाद छात्रसंघ के चुनाव होने की पूरी संभावना दिख रही हैं। इस संबंध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर चुनाव कराने की मांग की है। उन्होंने प्रत्याक्ष प्रणाली से चुनाव कराने की मांग की है, ताकि निष्पक्ष नेता को चुना जा सके। बता दें, कि 2017 के बाद प्रदेश में छात्रसंघ चुनाव नहीं हुए हैं। आचार संहिता खत्म होने के बाद विश्वविद्यालयों व कालेजों में इसकी तैयारियां शुरू होंगी।

## विवाहिता ने फांसी लगाई, मौत

**नीमच, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** जावद थाने के नयागांव में एक महिला ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका नसीम पति आरिफ उम्र 34 साल ने यह कदम क्यों उठाया फिलहाल इस बात का पता नहीं चल पाया है। परिजन नसीम को पहले नयागांव अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां से उसे नीमच के बड़े अस्पताल लाया गया। यहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। बुधवार को मृतका के शव का परिजनों की मौजूदगी में बड़े में पोस्टमॉर्टम कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी हैं। पुलिस आत्महत्या के कारण का पता लगाने का प्रयास कर रही है।







**अनदेखी** – तेलिया तालाब पर गरमी के दिनों में आमजनों व बच्चों का आना जाना अधिक रहता है, लेकिन नगर पालिका उद्यान विभाग की अनदेखी के कारण यहां पर लगे झूले, चकरी आदि टूटे पड़े है।

## विचार-मंथन

# सियासत में उलझ गया सच,...



आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद और दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष स्वाति मालीवाल के साथ कथित दुर्व्यवहार और मारपीट का मामला अब भी रहस्य बना हुआ है। आरोप है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार ने मुख्यमंत्री निवास के भीतर स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट की। उन्हें दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मगर अब तक पूरा मामला स्पष्ट नहीं हो पाया है। इसे राजनीतिक रंग दे दिए जाने की वजह से और उलझ गया है। आम आदमी पार्टी इसे भाजपा की साजिश बताने लगी है। खुद अरविंद केजरीवाल ने प्रेस वार्ता करके केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि वह उनके सारे नेताओं को गिरफ्तार करना चाहती है। बिभव कुमार की गिरफ्तारी के खिलाफ उन्होंने भाजपा दफ्तर पर प्रदर्शन का भी एलान कर दिया। भाजपा भी इस मामले को भुनाने में पीछे नहीं रही। उसके नेता इस मामले पर सार्वजनिक मंचों से बोलते रहे, महिला कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। आम चुनाव का माहौल है, इसलिए भाजपा पूरी तरह इसका लाभ उठा लेना चाहती है। मगर आम आदमी पार्टी का पलटवार इस मामले के रहस्य को और गहरा कर देता है। दरअसल, इस घटना को लेकर खुद स्वाति मालीवाल के दुविधा भरे कदमों ने अनेक प्रश्न अनुत्तरित छोड़ दिए हैं। घटना के तुरंत बाद मालीवाल ने फोन कर पुलिस को सूचना दी, प्राथमिकी दर्ज कराने थाने भी पहुंचीं, मगर प्राथमिकी दर्ज कराए बगैर लौट आईं। फिर तीन दिन तक वे चुप्पी साधे रहीं। घटना के दूसरे दिन आम आदमी पार्टी नेता संजय सिंह ने जरूर प्रेस वार्ता करके मालीवाल के साथ हुए दुर्व्यवहार को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और उस पर मुख्यमंत्री की तरफ से कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिलाया। मगर उनकी तरफ से ऐसा कोई कदम नहीं उठाया जा सका। चार दिन बाद मालीवाल ने प्राथमिकी दर्ज कराई और उनकी चिकित्सीय जांच की गई। जांच में उनके शरीर पर चोट के निशान चिह्नित किए गए। मगर उसके बाद मुख्यमंत्री निवास के भीतर सुरक्षा कर्मियों से मालीवाल की बातचीत और वहां से उनके बाहर निकलने की जो तस्वीरें जारी की गईं, उनमें कहीं भी उनके साथ दुर्व्यवहार की निशानदेही नहीं होती। दिल्ली पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है, उसने कुछ तथ्य भी जुटाए हैं, उन्हीं के जरिए हकीकत सामने आ सकती है। मगर सवाल है कि आखिर मालीवाल क्यों कई दिन तक चुप्पी साधे रहीं और जो आम आदमी पार्टी महिलाओं की सुरक्षा के दावे करती नहीं थकती, वह मुख्यमंत्री निवास के भीतर हुई इस घटना पर से पर्दा उठाने से क्यों हिचकती रही। किसी भी महिला के साथ अगर इस तरह दुर्व्यवहार किया जाता है, तो उसकी जितनी निंदा की जाए, कम है। चूंकि यह घटना एक राज्यसभा सदस्य के साथ हुई है और मुख्यमंत्री निवास के भीतर उनके निजी सचिव पर मारपीट का आरोप है, इसलिए यह और क्षोभ का विषय है। मगर जैसा कि दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार के बीच खींचतान का वातावरण बना रहता है, इस मामले को भी राजनीतिक रस्साकशी का मुद्दा बना दिया गया है। यह किसी भी रूप में ठीक नहीं है। मालीवाल के साथ हुई घटना की हकीकत लोगों के सामने आनी ही चाहिए। अगर मुख्यमंत्री के निजी सचिव इस मामले में दोषी हैं, तो उन्हें बचाने का प्रयास क्यों होना चाहिए? अपेक्षा तो यह की जाती थी कि मुख्यमंत्री खुद इस मामले की जांच करा कर सच्चाई सामने लाएंगे।

# किन राज्यों में लग सकता है भाजपा को झटका?

**हाअजय सेतिया**



चौथे चरण की वोटिंग तक उत्तर प्रदेश की 39 सीटों पर चुनाव हुआ है। बाकी 41 सीटों पर चुनाव होना बाकी है। विपक्ष ऐसा मान कर चल रहा है कि वह 25 सीटें जीत रहा है, जबकि एनडीए 55 सीटों पर अटक जाएगी। कांग्रेस समर्थक एक अखबार ने दावा किया है कि भाजपा को 54 सीटें मिलेंगी और उसका सहयोगी सिर्फ एक सीट जीत पाएगा। वैसे तो हर कोई यह मान कर चल रहा है, बल्कि भाजपा के भीतर भी यह माना जा रहा है कि भाजपा को उसके गढ़ राजस्थान में कुछ सीटों का नुकसान हो सकता है। इसके अलावा भाजपा को बिहार, महाराष्ट्र और कर्नाटक में भी नुकसान होने का अनुमान है। एनडीए को कुल नुकसान 30 सीटों तक का हो सकता है, जिसमें भाजपा की 15 तक सीटें तक कम हो सकती हैं। लेकिन कांग्रेस का अंदरुनी आकलन देने वाले अखबार ने लिखा है कि एनडीए को बिहार में 16 सीटों का, कर्नाटक में 15 सीटों का और महाराष्ट्र में 24 सीटों का नुकसान हो सकता है। यह एनडीए को 30 सीटों के नुकसान के भाजपा के आकलन के मुकाबले 55 सीटों का नुकसान बता रहा है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश में भी एनडीए को 9 सीटों का नुकसान बताया है। आम धारणा और भाजपा के अपने आकलन के विपरीत कांग्रेस का राजस्थान में चार, और हरियाणा में पांच सीटें जीतने का आकलन है। राजनीतिक दलों के अपने आकलन अमूमन पार्टी काडर के फीडबैक पर आधारित होते हैं, जो अक्सर गलत साबित होते है। वैसे भारतीय जनता पार्टी का शीर्ष नेतृत्व भी अब यह दावा नहीं कर रहा कि वे 370 सीटें जीतने जा रहे है, या एनडीए 400 का आंकड़ा छूने वाला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अब अपनी रैलियों में अबकी बार चार सौ पार का नारा नहीं लगवा रहे, बल्कि एक बार फिर मोदी सरकार के नारे लगवा रहे हैं। नरेंद्र मोदी ने एक इंटरव्यू में कहा है कि सत्रहवीं लोकसभा में भी एनडीए और एनडीए के सहयोगियों के पास 400 का आंकड़ा था, इसलिए उन्होंने कोई बहुत बड़ा टार्गेट सेट नहीं किया है कि जिसे हासिल नहीं किया जा सकता हो। नरेंद्र मोदी ने जब सत्रहवीं लोकसभा के आंकड़े का जिक्र किया तो उन्होंने एनडीए की 353 सीटों में बीजू जनता दल की 12, वाईएसआर कांग्रेस की 22 और टीडीपी की तीन सीटें भी जोड़ी थीं, जो पिछले पांच साल करीब करीब हर बिल पर उनकी सरकार के साथ खड़ी दिखाई दी थी। इस लोकसभा चुनाव में टीडीपी तो एनडीए में शामिल हो कर चुनाव लड़ रही है, लेकिन वाईएसआर और बीजू जनता दल साथ चुनाव नहीं लड़ रहे। यह बात अलग है कि चुनाव के बाद कांग्रेस से दूरी बनाने वाले ये दोनों दल मोदी सरकार को फिर से समर्थन दे सकते हैं, लेकिन इन दोनों ही दलों की स्थिति सत्रहवीं लोकसभा के मुकाबले कमजोर होने वाली है। मोदी जब टीडीपी, वाईएसआर कांग्रेस और बीजू जनता दल को साथ जोड़ कर 400 का टार्गेट सामने रखने की बात करते हैं, तो मोदी का टार्गेट कोई बहुत बड़ा नहीं दिखता। इसमें कोई संदेह नहीं लगता कि भाजपा बिहार, महाराष्ट्र, कर्नाटक और राजस्थान में होने वाले संभावित 30 सीटों के नुकसान की भरपाई उड़ीसा, बंगाल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और पूर्वोत्तर के आठ राज्यों से होने का अनुमान लगा कर चल रही है। भाजपा का उड़ीसा में आठ से बढ़ कर 15, बंगाल में 18 से बढ़कर 24, आंध्र प्रदेश में टीडीपी, जन सेना और भाजपा मिल कर 25 में से 20-22 सीटें जीतने का आकलन है, जबकि तेलंगाना से भाजपा को चार से बढ़कर आठ सीटें जीतने का आकलन है। पूर्वोत्तर में पिछली बार भाजपा को 25 में से 15 सीटें मिली थीं, भाजपा एनडीए को 20 सीटें मिलने का अनुमान लगा रही है। बंगाल को लेकर परस्पर विरोधी दावे है, लेकिन आंध्र, तेलंगाना और उड़ीसा को लेकर किसी को कोई भ्रम नहीं कि इन तीनों ही राज्यों में भाजपा और एनडीए पहले से मजबूत होने जा रहा है। भाजपा छत्तीसगढ़ और झारखंड में बेहतर नतीजों की उम्मीद कर रही है। कांग्रेस को दक्षिण के चार राज्यों केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक और तेलंगाना से बहुत उम्मीदे हैं। केरल में एलडीएफ और यूडीएफ जितनी भी सीटें जीतेंगे, वे सब इंडी एलायंस में जाएँगी और कांग्रेस का आकलन है कि सभी 20 सीटें दोनों मोर्चे जीतने जा रहे है, वहां भाजपा का खाता भी नहीं खुलेगा। इसी तरह तमिलनाडु की भी सभी 39 सीटें इंडी एलायंस अपने खाते में मान रहा है। कांग्रेस के हिसाब से अन्ना द्रमुक या भाजपा के गठबंधन को एक भी सीट नहीं मिलेगी। कर्नाटक में कांग्रेस का आकलन 28 में से 18 सीटें जीतने का है, इसी तरह तेलंगाना में उसका आकलन 17 सीटों में से 15 सीटें जीतने का है, जबकि कांग्रेस के हिसाब से भाजपा की सीटें चार से घटकर दो हो जाएँगी और भारत राष्ट्र समिति खाता भी नहीं खोल पाएगी। ये दोनों राज्य कांग्रेस पिछले एक साल में जीती है। दोनों ही पक्षों के लिए सबसे ज्यादा अहम है उत्तर प्रदेश। उत्तर प्रदेश को लेकर दोनों पक्षों की ओर से परस्पर विरोधी दावे और आकलन है। पिछले लोकसभा चुनाव में जब समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी ने मिल कर चुनाव लड़ा था, तब भाजपा की सीटें 71 से घटकर 62 हो गई थी, जबकि उसके सहयोगी अपना दल ने अपनी दोनों सीटें बरकरार रखी थी। उस गठबंधन का सबसे ज्यादा फायदा बसपा को मिला था, जिसकी सीटें शून्य से दस हो गई थीं। समाजवादी पार्टी भले ही अपनी पांच सीटें बरकरार रख पाई थी, लेकिन उसका वोट 2014 के मुकाबले 4.24 प्रतिशत घटकर 18.11 प्रतिशत रह गया था, और यह इसके बावजूद हुआ था कि मुलायम सिंह जिंदा थे और जो पांच सीटें सपा जीती थीं, उनमें से एक पर खुद मुलायम सिंह और एक पर खुद अखिलेश यादव जीते थे। कांग्रेस का वोट भी घटकर सिर्फ 6.36 प्रतिशत रह गया था। कांग्रेस- सपा मिल कर इस बार 80 में से 25 जीतने का दावा कर रहे हैं। कांग्रेस ऐसा दावा कैसे कर रही है, जबकि उसकी सहयोगी सपा 2019 के मुकाबले कमजोर हुई है। राष्ट्रीय लोक दल, सुभासपा और निषाद पार्टी के बाद महान दल और जनवादी पार्टी ने भी सपा से अलग हो कर भाजपा का दामन थाम लिया है। अपना दल कमेरावादी पार्टी ने भी सपा का दामन छोड़ दिया है।

# विवेक के साथ विनम्रता की जरूरत...

**देवेश त्रिपाठी**

कई लोग इस बात पर बहस छेड़ देते हैं कि डिग्री ज्यादा महत्वपूर्ण है या विवेक। जब बात शिक्षा और संस्कारों की होती है तो वहां विवेक काम आता है, पर डिग्रियों का अपना एक अलग महत्व है। आज जिस दौर में हम सभी जी रहे हैं, उस दौर में अगर एक व्यक्ति के पास औपचारिक शिक्षा की डिग्री नहीं हो, तो कोई उसे शिक्षित नहीं कह सकता है। लोगों का ऐसा भी मानना है कि डिग्रियों के होने से व्यक्ति बहुत समझदार भी होगा। यों यह भी माना जाता है कि डिग्रियों का होना व्यक्ति को विवेकवान, समझदार और जुझारू बनाता है। इसे हासिल कर लेने वाले लोगों के व्यवहार और बातचीत में परिपक्वता और शालीनता आ जाती है। शायद यही वजह है कि उनके रहन-सहन, बातचीत और वाकपटु शैली से बहुत सारे लोग सीखने की कोशिश करते हैं। आज के दौर में जब चिकित्सा, इंजीनियरिंग और अफसर बनने की होड़ में लगातार बच्चे अपना स्वविवेक का इस्तेमाल करना भूल जा रहे हैं। उन्हें कहीं न कहीं समाज और घर-परिवार रिश्तेदारों के ताने भी सुनने पड़ते हैं। पहले की पढ़ाई अपने स्वयं के अस्तित्व के खोजने के लिए होती थी। अध्ययन से लेकर परीक्षा तक में विवेक को प्रधानता थी। अब जबकि पढ़ाई का आधार कहीं न कहीं अधिकतम नंबर लाना, श्रेणी और परीक्षा तक सीमित रह गया है, विद्यार्थी का समूचा ध्यान विवेक के बजाय ज्यादा से ज्यादा नंबर लाने पर होता है। पहले की पढ़ाई में लालटेन की रोशनी होती थी, बाती होती थी और आसपास प्रकाश के दायरे में फैले हुए नरकट की कलम, स्याही और सरकारी स्कूलों से पढ़ने के लिए मिली हुई किताब आदि होती थी। आज के समय में बहुत सारे लोगों और उसके बच्चों के पास तमाम सुविधाएं तो हैं, पर उसका मन पढ़ाई को लेकर उतना सजग, गंभीर और भाव प्रधान नहीं रह गया है। यही कारण है कि समूह डी और समूह सी की भर्तियों में भी परास्नातक से लेकर पीएचडी डिग्रीधारी आवेदन करते हैं। अधिकतम प्रतियोगिता होने, सीटों की संख्या सीमित होने के सापेक्ष सबको रोजगार हासिल नहीं हो पाता। ऐसे में व्यक्ति अपने प्राप्त की गई शिक्षा और डिग्रियों को कोसता है। असफल होने पर समाज भी उन्हें 'जस करनी तस भरनी' कहता है। शिक्षा व्यवस्था के तहत प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा के ढांचे में समय के अनुकूल जो परिवर्तन होने चाहिए, उस पर विचार करने या नहीं करने का काम गंभीरता के बिना नीति-निर्माताओं तक सीमित है। सरकार और समाज के साथ-साथ हमारी व्यक्तिगत जिम्मेवारी है कि न्यूनतम या फिर अधिकतम शिक्षा ग्रहण करने वाला विद्यार्थी अपनी शिक्षा की प्रति इतना गंभीर हो कि अर्जित विद्या के सभी गुण पाए, मगर उसका विवेक उसके साथ हो। आजकल की स्कूली व्यवस्था को हिंदी-अंग्रेजी जैसे भाषाई गुण के आधार पर बांट दिया गया है। हिंदी और अंग्रेजी शिक्षा के माध्यम हो सकते हैं। जो व्यक्ति अंग्रेजी शिक्षा को प्रधान और हिंदी शिक्षा को कमतर मानता है, उन्हें राही मासूम रजा के 'आधा गांव', श्रीलाल शुक्ल की 'राग दरबारी' और हरिवंश राय बच्चन के 'क्या भूलूं क्या याद करूं' जैसी किताबें पढ़ने से समझ में आ जाएगा कि भाषा एक माध्यम है अभिव्यक्ति का। जो अपनी बात अपनी भाषा में कहता है, वही कोई बात स्पष्टता के साथ कह पाएगा। अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा ग्रहण करना कोई गलत नहीं है, मगर इसे लेकर खुद पर गर्व करना या दूसरों को कमतर मानना गलत है। हर किसी के लिए अपने मूल तत्व को बचाए रखना आवश्यक है। शिक्षा हमें ज्ञान प्रदान करे, हमारे विवेक को समृद्ध करे, मगर अपनी जड़ों से अलग न करें। यह शिक्षा का मूल उद्देश्य होना चाहिए कि नवाचार से जोड़े रखते हुए भी वह हमारे व्यक्तित्व के आधार से जोड़े रखे। मुश्किल यह है कि ऐसे मौके अक्सर सामने आते रहते हैं, जब हम ऐसे लोगों का सामना करते हैं जिनके पास औपचारिक शिक्षा व्यवस्था के ढांचे की डिग्रियां तो ऊंची-ऊंची होती हैं, लेकिन ज्यादातर संवेदनशील अवसरों पर वे ऐसा बर्ताव करते हैं, जैसे उनके पास अपना विवेक हो ही नहीं। कहीं किसी समस्या के बारे में कोई हवाई बात पढ़-सुन कर वे उसी को आखिरी सच मान कर उस पर अमल करना शुरू कर देते हैं। अपनी सूझ-बूझ को ताक पर रख देते हैं। विवेक से वंचित ऐसी शिक्षा का क्या लाभ? शिक्षा का औपचारिक ढांचा तभी सार्थक है, जब वह हमें डिग्री के साथ-साथ ज्ञान और विवेक भी प्रदान करता है। यह हमें प्रज्ञावान होने में मदद करता है। प्रज्ञावान मनुष्य अपने मूल अस्तित्व को हमेशा पहचानता है। मूल अस्तित्व की पहचान होने से काम, क्रोध और अहंकार से बचाने में हमारी मदद करता है।

# शाहजादे के ठाठ और मोदी जी का मास्टर स्ट्रोक

आज तोताराम बहुत कुढ़ा, चिढ़ा आया और सड़ा हुआ मुंह बनाते हुए बोला- देखे, शाहज़ादे के ठाठ। हमने पूछा- शाहज़ादा कौन जय शाह बोला- मास्टर, तेरा भी दिमाग पता नहीं कहाँ-कहाँ आलतू-फालतू घूमता रहता है । जय शाह तो बेचारा अपनी पसीने की कमाई से काम चला रहा है । उसके कैसे और कहां के राजसी ठाठ उसके पिता का सरनेम 'शाह' है इसलिए तू उसे 'शाहजादा' कह सकता है । वैसे उसका किसी शाहजहां, अहमदशाह, मोहम्मद शाह, शहाबुद्दीन, बुल्ले शाह, शाहआलम, वाजिद अली शाह आदि से कोई संबंध नहीं है । 'शाह' शब्द से किसी मुसलमान से भी कोई संबंध जोड़ना ठीक नहीं है । वह तो बेचारा सीधा-सादा, सात्विक, वैश्य बालक है । गुजरात में शाह प्रायः वैष्णव विचारधारा को मानने वाले होते हैं । बहुत से शाहों के आराध्य नाथद्वारा के सांवलिया सेठ हैं । कहते हैं ये वही सांवरिया सेठ हैं जिन्होंने गरीब नरसी मेहता की बहिन नानी बाई का भाई बनकर मायरा (भात) भरा था ।और ये नरसी मेहता वही हैं जिनका लिखा 'वैष्णव जन' गांधी जी का प्रिय भजन है । वह भजन एक सच्चे वैष्णव व्यक्ति और उसके सभी गुणों की गणना कुछ ऐसे करता है कि फिर कुछ शेष नहीं रहता । एकदम सम्पूर्ण धर्म । जो दूसरों के दुख को समझता हो, वाणी, वासना और मन को अडिग रखता हो, किसी की निंदा नहीं करता हो, सेवा करके भी जिसके मन में अभिमान नहीं हो, दूसरों के धन पर कुदृष्टि नहीं रखता हो, सबको समान समझता हो ऐसे जन हो वैष्णव होते हैं और इनकी संगति से खुद का ही नहीं अपने पूर्वजों का भी उद्धार हो जाता है। हमने कहा- ऐसे लोग आज के जमाने में ऐसे लोग कहां मिलते हैं आजकल तो बड़े बड़े लोग सत्ता और स्वार्थ सिद्धि के लिए तरह तरह के षड्यन्त्र करते हैं, गाली गलौज करते रहते हैं किसी को एक खास परिवार और खानदान के नाम से, तो किसी को एक खास धर्म के नाम से बोला- मैंने तो सैद्धांतिक बात की है ।वास्तव में कौन कैसा है यह आजकल कहाँ पता चलता है लोग अपने कुकर्म सत्ताबल, धनबल, पदबल, बाहुबल की आड़ में छुपा लेते हैं । यहाँ तक कि कानून,मीडिया, पुलिस सबको खरीदकर संत बने फिरते हैं।हमने पूछा- तो फिर किस 'शाहज़ादे' की बात कर रहा है बोला- एक ही तो शाहज़ादा है इस देश में । जिसके परिवार में तीन तीन प्रधानमंत्री हुए, सबका जीवन ऐशो आराम में बीता और अब भी क्या ठाठ हैं ! हमने कहा- हां, बड़े ठाठ हैं, एक ने अपना महल और सब संपत्ति पार्टी के लिए दान में दे दिया, एक ने नौ-दस साल जेल में काटे, किसी ने अपने गहने डिफेंस फंड में दे दिए, घर में दो दो शहीद हो गए, पैंतीस साल से उस परिवार में कोई मंत्री, प्रधानमंत्री नहीं बना, और एक यह है, जुनूनी जो सारे देश को जोड़ने के लिए दक्षिण से उत्तर और पूर्व से पश्चिम धूल धप्पड़ में पैदल घूम रहा है। उसे तू शाहज़ादा कह रहा है । उसके कौनसे ठाठ तुझे अखर रहे हैं तोताराम ने अपनी जेब से अपना स्मार्ट फ़ोटो निकालकर हमारी आंखों में घुसेड़ते हुए कहा- देख, ये है ठाठ।कभी बनवाई है ऐसे सैलून में कटिंग हमने कहा- हां, कल ही बनवाकर आए हैं केला गोदाम के पास वाले सैलून में । लेकिन हम उसके चक्कर में नहीं पड़े । सबसे सस्ती वाली 50 रुपए वाली बनवाकर आए। उसने हमें ललचाने की कोशिश की, कहा- बाबा, सिर की मसाज कर दूँ हमने साफ कह दिया- जो चाहे कर दे लेकिन रुपए 50 ही देंगे । कोरोना की आपदा में अवसर खोजकर हमने एक ट्रिमर मँगवा लिया और पिछले चार साल से संडे की संडे दाढ़ी खुरच लेते हैं और दो महीने में वही ट्रिमर सिर पर घुमा देते हैं । मोदी जी की कृपा और ट्रिक से, न सही खातों में 15 लाख, कटिंग और दाढ़ी के हजारों रुपए तो बचा ही लिए । लेकिन क्या करें, पांच सात दिन में पोती अपनी ससुराल से आ रही है और बहू ने कहा- अब तो कटिंग सैलून में ही बनवा आइए । बचपन की बात और थी।




## आज का राशिफल

मेष

वृषभ

मिथुन

कर्क

सिंह

कन्या

तुला

वृश्चिक

धनु

मकर

कुंभ

मीन

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5243

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | | | | 9 | | 8 |
| | 3 | | 1 | 7 | | | | 4 |
| | | | | | 6 | | | |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 4 | | 3 | | |
| | | 3 | | 1 | | 4 | | |
| | | 1 | | 3 | 9 | 7 | 6 | 2 |
| | | | 4 | | | | | |
| 9 | | | | 5 | 1 | | 4 | |
| 4 | | 5 | | | | 1 | | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

## सुडोकू पहेली क्र. 5242

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 | 8 | 3 | 7 |
| 3 | 5 | 7 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 3 | 7 | 5 | 2 | 6 |
| 6 | 3 | 9 | 5 | 1 | 2 | 4 | 7 | 8 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 9 | 2 |
| 4 | 7 | 2 | 3 | 9 | 8 | 6 | 1 | 5 |
| 9 | 6 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 |
| 7 | 2 | 3 | 6 | 5 | 1 | 9 | 8 | 4 |

## वर्ग पहेली 5243

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 |
| | ■ | | ■ | 6 | | | |
| 7 | 8 | | | | ■ | ■ | |
| 9 | | | ■ | ■ | 10 | ■ | |
| | ■ | 11 | 12 | | | 13 | ■ |
| ■ | 14 | | | ■ | 15 | | 16 |
| 17 | | ■ | 18 | | ■ | 19 | |
| ■ | 20 | | | ■ | 21 | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. अफगानिस्तान की सीमा से लगा एकमात्र भारतीय राज्य (5)
4. दीर्घश्वास, ठंडी सांस, निश्वास (2)
6. आलबाल, थुड़हाल (4)
7. पुस्तकालय को यह भी कहते है (5)
9. सौ की संख्या, क्रिकेट से संबंधित एक शब्द (3)
11. भारत की पहली महिला जिसने विश्वसुंदरी खिताब जीता (1966) (5)
14. गांधार के राजा जो गांधारी और शकुनि के पिता थे (3)
15. तुल्यता, बराबरी, तुलना (3)
17. कला आदि सिखलाने वाला व्यक्ति (3)
18. फलित ज्योतिष की राशियों में से एक (2)
19. कानन, जंगल, अरण्य (2)
20. पुस्तक-पाठन आधार, बुक स्टैंड (3)
21. ईशमणि, जलपुत्र (2)

**ऊपर से नीचे**

1. आर.के.बैनर की फिल्म बरसात (1949) से अपना कैरियर शुरू करने वाला संगीतकार जोड़ी में एक (5)
2. अंदाजन, करीबन, अनुमानत, तकरीबन (6)
3. जीवन युक्त होना, निवास करना, सम्पन्न या होना (3)
4. उम्मीद (4)
5. समुद्रमंथन से निकला प्रचंड विष जिसे भगवान शंकर ने अपने कंठ में रख लिया (4)
8. पिता, आदरणीय व्यक्ति, गुरु, तात (2)
10. उत्तराधिकारी, दायाधिकारी, स्वत्वाधिकारी (3)
12. सामंजस्य, स्वरों का मिलान, संगति (4)
13. दास, भिखारी, रानी, मिश्र (4)
14. मद, मादकता, नशा, उन्मत्तता, मतवालापन, मदिरा (3)
16. स्वर भंगिमा, संगीत में स्वर का विस्तार (2)

## वर्ग पहेली 5242 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | न | दी | के | न | प | टे | ल |
| नं | द | न | ■ | सी | ल | ■ | |
| द | ■ | सा | ला | ब | ■ | स | फ |
| म | ला | ■ | मा | ■ | दी | र | ■ |
| ठ | ग | मा | ■ | क | ल | प | ना |
| ■ | ल | म | श | ■ | ल | र | ना |
| खु | ■ | अ | ल | ज | ■ | रत | ■ |
| त | ह | द | ■ | न | फल | ■ | ■ |





# कलेक्टर ने किया भादवामाता में निर्माण कार्यों का निरीक्षण

**नीमच, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने बुधवार को नीमच जिले के सुप्रसिद्ध धार्मिक आस्थाो के केंद्र महामाया मां भादवामाता मंदिर परिसर में संचालित विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यो का निरीक्षण कर निर्माण कार्यो की प्रगति का जायजा लिया। कलेक्टर श्री जैन ने भादवामाता में फोरलेन डिवाईडर रोड निर्माण, नाला निर्माण, पुल निर्माण, कोरिडोर निर्माण, मंदिर के मण्डप के निर्माण, प्रसादालय निर्माण, सत्संग भवन निर्माण के कार्यो का मौके पर निरीक्षण कर निर्माण कार्यो की गुणवत्ता और प्रगति का जायजा लिया। कलेक्टर ने निर्माण एजेंसी को निर्माण कार्यो की गुणवत्ता और निर्माण की समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री जैन ने भादवामाता में संचालित होने वाले फीजीयोथेरेपी सेंटर का भी निरीक्षण किया।इस मौके पर एसडीएम डॉ.ममता खेडे, मंदिर सीईओ डॉ.राजेश पाटीदार, तहसीलदार श्री पी.एस.पटेल, श्री संजय मालवीय, प्रबंधक श्री अजय एरन भी उपस्थित थे।

# मित्र ऐसा हो जो भक्ति के मार्ग पर चलना सिखाएं-पं. नारायणजी

**मंदसौर, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** भगवान श्री सांवलिया सेठ के पावन सान्निध्य में ग्राम सुपड़ा, तह. मल्हारगढ़, जिला मन्दसौर के समस्त ग्रामवासियों के द्वारा श्रीमद भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। श्रीमद भागवत कथा के सातवे दिवस में व्यास पीठ से श्री हनुमन्त भागवत कर्मकाण्ड परिषद संस्थापक श्री महाकाल भैरव अखाड़ा संघ राष्ट्रीय संरक्षक भागवताचार्य पं. श्री मुकेश शर्मा नारायणजी मन्दसौर वाले ने कहा कि आज का यह युग कलयुग का है। मित्रता करो तो भी बड़ा सोच समझकर करो कहीं ऐसे मित्र से मित्रता न कर बैठना जो वो आपको भक्ति के मार्ग से भटका कर कलयुग के मार्ग पर चलना सीखा दें। मित्र बनाना भी जीवन का अति महत्वपूर्ण पल होता है क्योंकि मित्र इंसान के सुख एवं दुख दोनों में साथ निभाने वाला एक पवित्र रिश्ता कहलाता है। भूलकर भी ऐसे मित्र को अपना मित्र ना बनाए जो कलयुग की परछाया से गलत मार्ग पर चलता हो। उसका जीवन पूर्ण रूप से गलत कार्यो में लिप्त हो ऐसे मित्र को जीवन में भूलकर भी अपना मित्र नहीं बनाना चाहिए। यदि गलती से भी वह मित्र बन गया, जिस प्रकार उसका जीवन सर्वनाश की ओर आगे कदम बढ़ा रहा है। आपके जीवन को भी वह उसी मार्ग पर आगे ले जाएगा, यदि मित्रता का रिश्ता निभाना हो तो ऐसे मित्र को अपना मित्र बनाओ जो वो आपके सुख से भी अधिक दुख की घड़ी में आपके कदम से कदम मिलाकर आपका साथ निभाता हो, मित्र बनाओं तो ऐसा की वह अपना जीवन सदमार्ग पर चलते हुए भक्ति के पथ पर अपना जीवन बिताता हो पूर्ण जीवन सत्यमार्ग पर चलकर जीवन व्यतीत करता हो ऐसे व्यक्ति को ही अपना मित्र बनाना चाहिए।



क्योंकि वो सच्चा मित्र ही आपको सद्मार्ग पर चलते हुए भक्ति करना सीखाएंगा एवं आपके इस मनुष्य जीवन को भगवान से जोड़कर मोक्ष मार्ग की ओर ले जाएगा एवं ऐसा ही सच्चा मित्र यदि आपके जीवन में आता है तो आपके जीवन में कभी भी दुख दर्द, संकट संभव नहीं हो सकता क्योंकि वह आपके पूर्ण जीवन को भक्ति से जोड़ देगा तो निश्चित भगवान की कृपा अपने उपर होगी। मित्रता के भाव यदि अपने जीवन में सुदामा की तरह रखोगे तो निश्चित भगवान श्रीकृष्ण की तरह सच्चा मित्र मिलना संभव है, क्योंकि भक्त सुदामा के द्वारा मित्रता को भी इतनी गहराई से निभाया कि मेरा मित्र पूरे संसार का पालनहार है यदि मैं इस परिस्थिति में मेरे मित्र के पास जाता हूँ तो मेरे मित्र को भी बड़ा दुख होगा। इस कारण भक्त सुदामा ने अपने सच्चे मित्र भगवान श्रीकृष्ण के प्रेम भरे आमंत्रण का इंतजार किया भक्त सुदामा की इस सच्ची मित्रता को देखते हुए भगवान श्रीकृष्ण ने भी भक्त सुदामा को कई लोको का नाथ बना दिया फिर भी भक्त सुदामा अपनी भक्ति के पथ को ना छोड़ते हुए अपना पूर्ण जीवन अपनी कच्ची कुटिया में रहकर ही भगवान की भक्ति को समर्पित करते है। इस कारण कहा जाता है कि मित्रता भगवान श्रीकृष्ण एवं भक्त सुदामा की भक्ति का सबसे सुंदर पवित्र रिश्ता है। इसमें छल कपट के भाव प्रकट ना होना चाहिए। लेकिन आज के कलयुग में कुछ कलयुगी मित्र लालच के चलते अपने जी मित्र के साथ छल कपट कर बैठते हैं एवं अपने ही मित्र को दुख और दर्द पहुंचाकर कुछ सुख महसूस करते है लेकिन इस प्रकार के छल कपट करने वाले इंसानों को सचेत हो जाना चाहिए। यदि किसी इंसान ने मित्रता का फायदा उठाकर किसी अपने सच्चे मित्र के साथ छल कपट किया तो वो साक्षात् स्वयं भगवान श्रीकृष्ण का दोषी होगा और उसे इस अपराध की सजा को भी स्वीकार करना होगा क्योंकि मित्रता का यह रिश्ता सिर्फ और सिर्फ भगवान श्रीकृष्ण एवं भक्त सुदामा की सच्ची भक्ति से ही अजर अमर हुआ है। श्रीमद भागवत कथा के सातवे दिवस में कथा पुर्णाहुति के साथ साथ भव्य महाआरती का आयोजन किया गया एवं महाप्रसादी का वितरण किया गया। सातवे दिवस की आरती मांगीलाल जी राठौर एवं कथा पाण्डाल में उपस्थित समस्त भक्तजनों के द्वारा की गई। समस्त ग्रामवासियों के द्वारा कथा पूर्णाहुति के पश्चात व्यास पीठ पर विराजित भागवताचार्य पं. श्री मुकेश शर्मा नारायणजी एवं समस्त विप्रगणों का स्वागत सम्मान किया। समस्त जानकारी परिषद सदस्य मनीष शर्मा के द्वारा दी गई।

# स्पिक मैके का नवां अंतर्राष्ट्रीय अधिवेशन चैन्नई में आरंभ

**मंदसौर, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** आम चुनाव की गहमा-गहमी के बीच देश की सांस्कृतिक विरासत को जीवन्त रखने मे संलग्न संस्था स्पिक मैके (सोसाइटी फोर प्रमोशन ऑफ इंडियन क्लासिकल म्यूजिक एण्ड कल्चर अमंगस्ट यूथ) का नवां अन्तरराष्ट्रीय अधिवेशन प्रतिष्ठित आई आई टी मद्रास मे 20 मई को आरम्भ हुआ। जिसमें स्पिक मैके मंदसौर चैप्टर के कॉर्डिनेटर द्वय अजय डांगी एवं श्रीमती चन्दा डांगी अधिवेशन मे मंदसौर जिले का प्रतिनिधित्व कर रहे है एवं अधिवेशन के फूड मेनेजमेंट की पूरी जिम्मेदारी निर्वहन कर रहे है जिसमे विशेष बात यह है कि आयोजन के दौरान जीरो फूड वेस्टेज अपनाकर अन्न देवता के प्रति बच्चों मे संस्कारो का रोपण हो सके।

मंदसौर चैप्टर के कॉर्डिनेटर द्वय अजय डांगी एवं श्रीमती चन्दा डांगी ने बताया कि सात दिनों तक चलने वाले इस अधिवेशन मे देश विदेश से करीब डेढ हजार स्कूली बच्चों , ख्याति प्राप्त कथाकारों वालंटियर्स के भाग लेने की सम्भावना है। अधिवेशन मे शामिल बच्चों को बगैर मोबाइल के सुबह चार बजे से रात दस बजे तक योग, श्रमदान, संगीत, आर्ट एण्ड क्राफ्ट की विभिन्न गतिविधियों मे अपनी रूचि के अनुसार प्रशिक्षित किया जाएगा जो की भारतीय सांस्कृतिक विरासत का अटूट हिस्सा है कूलर ऐसी के बिना छात्रों के कैम्पस मे ही की गई है। इस दौरान सभी सहभागी सात्विक भोजन जैन पद्धति से सुर्यास्त के पहले ही ग्रहण कर सकेंगे जिससे जंक फूड की बढ़ती आदत को रोका जा सके । उल्लेखनीय है कि स्पिक मैके की सथापना आई आई टी दिल्ली के प्रोफेसर पद्म श्री डॉ किरण सेठ ने सन 1977 मे की थी



और पिछले 47 वर्षो से लगातार चलने वाला देश का यह एक मात्र अभियान है जिसने देश के ख्याति प्राप्त कलाकारों को लाखों स्कूली बच्चों से रुबरू करवाया है। अधिवेशन का मुख्य आकर्षण त्रिपुरा के राज्यपाल श्री इंद्रसेना रेडी नालु, ग्रेट मास्टर पद्मभूषण इल्लेराजा, आई आई टी मद्रास के डायरेक्टर श्री श्री काम कोटि द्वारा आयोजन का उद्घाटन करना व पद्म श्री विद्वान शेषपति शिवलिंगम के नादस्वरम, पद्म विभूषण विदुषी पद्म सुब्रमण्यम के भरतनाट्यम व पद्म विभूषण पण्डित हरिप्रसाद चौरसिया जी द्वारा अद्भुत प्रस्तुति ने सब का मन मोह लिया। आई आई टी डायरेक्टर श्री कामकोटि ने आयोजन चुनने के लिए स्पिक मैके का आभार व्यक्त किया।

# शोभायात्रा व कलश यात्रा, तुलसी विवाह एवं प्रतिभावान छात्र-छात्रा सम्मान आज

**नीमच, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** महायोगी गुरू गोरक्षनाथ महाराज का प्राकट्य उत्सव अंतर्गत दो दिवसीय कार्यक्रम के द्वितीय दिवस आज 23 मई 2024 को भव्य शोभायात्रा एवं कलश यात्रा, तुलसी विवाह एवं प्रतिभावान छात्र छात्राओं का सम्मान आयोजित किया गया है।

उक्त जानकारी देते हुए कार्यक्रम संरक्षक एवं आयोजक महंत लालनाथ योगी (आसन दरियानाथ सिद्ध पीठ, जावद) एवं महंत गोरधननाथ मठाधीश (सोमनाथ महादेव, पुष्कर रोड अजमेर) ने बताया कि आज 23 मई 2024, गुरूवार को प्रात: 8.30 बजे भव्य शोभायात्रा एवं कलश यात्रा का टाउनहॉल से प्रारंभ होगी जो गांधी भवन, विजय टॉकीज चौराहा, कमल चौक, फव्वारा चौक, नया बाजार, पुस्तक बाजार होती हुई प्रात: 11 बजे टाउनहॉल पर पहुंचकर धर्मसभा में परिवर्तित होगी। धर्मसभा में गोरखनाथ मंदिर गोरखपुर एवं कटक उडीसा के योगाचार्य महंत योगी शिवनाथजी महाराज, राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेशनाथजी महाराज उज्जैन, भतृर्हरि गुफा पीठाधीश्वर महंत पीर योगी रामनाथजी महाराज उज्जैन, धोलागढ पीठाधीष्वर प्रकाशनाथजी जि.सलुम्बर (राज.), हठयोगी योग साधक सांवरनाथजी महाराज बामणी तह.आसीन्द जि.भीलवाडा, महंत योगी प्रकाशनाथजी मकरध्वज बालाजी धाम ब्यावर, महंत योगी कमलनाथजी प्रोफेसर संस्कृत विष्वविद्यालय जयपुर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। महायोगी गुरू गोरखनाथ प्राकट्य उत्सव समिति एवं सकल नाथ योगी समाज म.प्र.राजस्थान ने समाजजनों एवं आमजन से कलश शोभायात्रा एवं समस्त कार्यक्रम में उपस्थित होकर गोरखनाथ द्वारा प्रदत्त योग ज्ञान से परिचित होने का आग्रह किया है।

## विधायक विपिन जैन के निर्देश पर बड़ा अस्पताल में हुई...

# मरीजों के लिये शीतल पेयजल की व्यवस्था

**मंदसौर, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** जिला चिकित्सालय मंदसौर जिसमें मंदसौर जिले व आसपास क्षेत्रों के मरीज अपने उपचार के लिये आते है लेकिन इस चिकित्सालय में कही भी शीतल पेयजल की व्यवस्था नहीं होने से मरीजों व उनके परिजनों को इधर-उधर भटकना पड रहा था। इसका संज्ञान जागरूक विधायक श्री विपिन जैन को होने पर उन्होंने तत्काल सीएमएचओ व सिविल सर्जन को निर्देश देकर जिला चिकित्सालय के हर वार्ड में ठंडा आर.ओ. जल उपलब्ध कराया।



उक्त जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस प्रवक्ता राजनारायण लाड़ ने बताया कि भीषण गर्मी में जहां पारा 42 डिग्री के आसपास चल रहा है इस दौर में मंदसौर जिला चिकित्सालय में मरीज व उनके परिजन ठंडे पानी के लिये इधर-उधर भटकते हुए नजर आये व बाहर से पानी की बोतले खरीदने को मजबूर हो रहे थे। जब मंदसौर विधायक विपिन जैन 21 मई को भारत रत्न स्व. श्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर आयोजित रक्तदान शिविर में पहुंचे इस दौरान जिला चिकित्सालय में परेशान हो रहे मरीजों के परिजन विधायक श्री जैन से मिले और जिला चिकित्सालय में ठंडे पानी न होने की समस्या बताई। जिस पर विधायक श्री जैन ने सीएमएचओ व सिविल सर्जन से चर्चा कर जिला चिकित्सालय में ठंडे पानी की व्यवस्था के निर्देश दिये। जिस पर आज 22 मई को जिला चिकित्सालय के हर वार्ड में ठंडा आर.ओ. वाटर केन की व्यवस्था जिला चिकित्सालय प्रशासन ने करवाई। जागरूक विधायक श्री विपिन जैन की इस जागरूकता पर मरीजों ने खुशी जाहिर की व विधायक श्री जैन का आभार व्यक्त किया।

## जिंदगी की तलाश में हम मौत के कितने पास आ गये

**मेनपुरिया, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** आजकल लोगों को लगता है कि ऐसी, कुलर, पंखा, आदि के सहारे जीवन कट रही है, तो ये हम सबकी भुल है। आने वाला समय बहुत भयानक होगा, जिसका अनुमान लगाना नामुमकिन है। अंत आप सभी से निवेदन है की आने वाले बरसात के समय अपने आस पास 2 पौधा ( वृक्ष ) अवश्य लगाएं। आज भारत में लगभग 400, से 500 , करोड़ वृक्ष की आवश्यकता है। नहीं तो अभी ये शुरूआत में 45डिग्री से 50डिग्री जाता है जिसे आगे 55डिग्री से 60डिग्री होते देर नहीं लगेगी। 56/57डिग्री पर इंसान जीवित नहीं रहेगा, इसलिए अभी से समझकर पौधे लगाने शुरू करें, क्योंकि एक पौधे को तैयार होने में लगभग 6 साल का समय लगता है। अब बारिश आने वाली है कृपया 2 पौधा आवश्य लगाएं, याद रखें, सबको बतलाएं वृक्ष ही जीवन है।

# कालेज चलो अभियान अंतर्गत किया प्राचार्यो से सम्पर्क

**मंदसौर, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय कन्या महाविद्यालय, मंदसौर के प्राचार्य डा.पी.एल.पाटीदार ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग म.प्र.शासन भोपाल के निर्देशानुसार कालेज चलो अभियान के तृतीय चरण के अंतर्गत वर्ष 2024-25 की ई प्रवेश प्रक्रिया के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु मंदसौर जिले के उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों एम.पी बोर्ड एवं सीबीएसई बोर्ड के 21 प्राचार्यो से अभियान के टीम के सदस्यों द्वारा प्रत्यक्ष संपर्क किया गया तथा जिले के दूरस्थ अंचलों के 25 उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्राचार्यो को समय-सारणियाँ व पाठ्यक्रम की जानकारी पंजीयत डाक द्वारा प्रेषित की गई जिसमें प्राचार्यो से आग्रह किया गया कि शासन द्वारा प्रदत्त समय-सारणियों एवं महाविद्यालय में प्रचलित पाठ्यक्रमों की जानकारी का प्रपत्र सूचनापटल पर चस्पा करें एवं ई-प्रवेश समय सारणियां छात्राओं के व्हाटसअप ग्रुप में प्रेषित करें ताकि विभिन्न संकायों की 12वीं उत्तीर्ण छात्रायें महाविद्यालय में प्रवेश हेतु प्रोत्साहित हो सके।

अभियान के अंतर्गत यह भी प्रयास किये जा रहे है जिन विद्यालयों से उत्तीर्ण छात्राओं की सूची मय मोबाईल नम्बर के प्राप्त हुई है उनसे गूगल मीट की जा रही है। अभियान के टीम के सदस्य के रूप में डा.सुधीर रायजादा, डा.शीला आर्य, डा.आरिफ पठान, श्री मनीष पांचाल, श्री कपिल जैन का योगदान सराहनीय रहा।



## पूर्व विधायक सिसोदिया ने बड़साई विधानसभा में...

# भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में की रैली व सभा

**मंदसौर, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** पूर्व विधायक व प्रदेश भाजपा प्रवक्ता यशपाल सिंह सिसोदिया इन दोनों उडीसा राज्य में चुनावी दौरे पर है ।इस दौरान उडीसा की बड़साई विधानसभा क्षेत्र में मानपत्री मंडल में भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी सनातन बिजुली के समर्थन में निकली वाहन रैली मैं भाग लेकर नुक्कड सभाओ को संबोधित किया।

नुक्कड सभा के दौरान प्रदेश स्त्रोत का



यशपाल सिंह सिसोदिया ने केंद्र की मोदी सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत का मान पूरी दुनिया में उंचा किया है। आज विदेश के लोग भी भारत के विकास की तारीफ करते नहीं थकते हैं पिछले 10 सालों में मोदी सरकार ने अभूतपूर्व विकास के काम किए हैं महिलाओं को सक्षम बनाया है युवाओं के लिए रोजगार की व्यवस्था की है। भारत को आर्थिक रूप से संपन्न बनाया है पूरे देश में सिक्स लेन और 8 लेने के माध्यम से सड़कों की कनेक्टिविटी हुई है रेल सुविधाओं में विस्तार हुआ है। उल्लेखनीय है कि श्री सिसोदिया 10 दिनों तक उडीसा की बडसाई विधानसभा के विभिन्न मंडलों और क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसंपर्क कर एक बार फिर कमल खिलाने के लिए आव्हान कर रहे हैं। श्री सिसोदिया रैली, नुक्कड सभा के साथ ही भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियो के साथ बैठके कर चुनावी रणनीति के अमली जामा पहना पहना रहे हैं।

# वसुधेव कुटम्बकम की प्राथमिक पाठशाला है संयुक्त परिवार...

**मंदसौर, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** संयुक्त परिवार के महत्व और जीवन में परिवार की आवश्यकता के प्रति लोगो को जागरूक करने के लिए प्रतिवर्ष 15 मई को अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया जाता हे। संसार या समाज में परिवार एक सबसे छोटी लेकिन महत्वपूर्ण व बेहद मजबूत इकाई हे। यह हमारे जीवन की एक ऐसी आवश्यक मौलिक इकाई हे जो हमे एक दूसरे के साथ स्नेह, सहयोग और सामंजस्य के साथ जीवन जीना सिखाती हे। परिवार ही हमे समाज में सौहार्दपूर्ण संबंध व आपसी मेलजोल से रहना सिखाता हे। परिवार के बिना जीवन की कल्पना करना भी कठिन हे। एक अच्छा परिवार बच्चे के चरित्र निर्माण से लेकर व्यक्ति की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हे। किसी भी सशक्त एवम समरस देश के निर्माण में परिवार एक आधारभूत संस्था की भांति होता हे। कहने को तो परिवार एक छोटी इकाई हे किंतु इसकी मजबूती हमे हर बडी से बडी मुसीबत से बचाने में कारगार हे। ये संयुक्त परिवार ही होते हे जन्हा किसी भी प्रकार की विषम परिस्थिति में पूरा परिवार एक दूसरे की भरपूर सहायता करता हे। कहा गया हे की संगठन में ही शक्ति होती हे।एक संयुक्त परिवार शक्ति का ही रूप होता हे। जब किसी परिवार के सदस्य अलग अलग होते हे तो वे एक एक की संख्या में होते हे किंतु यदि दो व्यक्ति भी साथ साथ आ जाए तो वे दो नही ग्यारह के बराबर हो जाते हे। एक संयुक्त परिवार में जितने भी सदस्य होंगे उसी अनुपात में परिवार शक्तिशाली हो जाएगा इसमें संदेह नही। लोगो से परिवार बनता हे और परिवार से समाज व राष्ट्र। परिवार के साथ रहने से आप कई सामाजिक बुराइयों से अछूते भी रहते हे। वर्तमान समय में आधुनिक व पाश्चात्य कुसंस्कृति के दुष्प्रभाव के कारण इन दिनो हम स्वतंत्र और एकांत जीवनशैली की दिशा की और जा रहे हे जिससे धीरे धीरे समाज की उस अदभुत चीज से दूर जा रहे हे जिसे परिवार कहा जाता हे। समाज में परिवार का विघटन आम बात हो चुकी हे जो भारतीय संस्कृति के अनुरूप बिलकुल भी नही हे। हमने जिन पश्चिमी दुर्गुणों को कभी अपने लिए अछूत माना था आज उसमे हम रचते बसते चले जा रहे हे जबकि हमारी भारतीय जीवनशैली की नैसर्गिक गुणवत्ता और परिवार प्राथमिकताओं को अमेरिका से लेकर पूरा यूरोप स्वीकारने को लालायित हे। एकल परिवार का दुष्परिणाम हमारे सामने हे की अब तो हम एकल छोड लिव इन रिलेशनशिप को मान्यता देने, स्वीकार करने के लिए कोर्ट कचहरी एक कर रहे हे। हमारी संस्कृति तो वसुधैव कुटुंबकम् अर्थात पूरे विश्व को हमारा परिवार मानने की हे। संयुक्त परिवार की व्यवस्था क्यों बिखरने लगी हे यह चिंतन का विषय हे। यदि संयुक्त परिवार को समय रहते नही बचाया गया तो हमारी आने वाली पीढ़ी ज्ञान संपन्न होने के बाद भी दिशाहीन होकर विकृति का शिकार हो जाएगी। संयुक्त परिवार में रिश्तो की एक डोर होती हे, सहयोग के अटूट बंधन होते हे, एक दूसरे की सुरक्षा के वादे और इरादे होते हे। हमारी संस्कृति और परम्परा में पारिवारिक एकता पर सदेव बल दिया जाता रहा हे। किंतु आज हम देख रहे हे की बढती महत्वकांक्षा के कारण संयुक्त परिवार एकाकी परिवारो का रूप ले रहे हे। सामाजिक समरसता का बीज रूप संयुक्त परिवार ही तो हे क्योंकि जब हम परिवार में एक नही रह पाएंगे तो समाज को एक केसे कर पाएंगे ? इसलिए हम सभी संकल्प ले की परिवार में मतभेद को मनभेद कभी नही बनने देंगे। परिवार में संघर्ष समाप्त करने के लिए क्षमा सबसे बड़ी ओषधि हे।

**पत्र संपादक के नाम**

संपादक की सहमति आवश्यक नहीं



**गौरव सोनी, मंदसौर**



## कलेक्टर ने किया मतगणना केंद्र का निरीक्षण

**नीमच, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन ने बुधवार को लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत नीमच में स्थापित मतगणना केंद्र शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नीमच के परिसर एवं स्ट्रांग रूम परिसर का निरीक्षण कर, सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। कलेक्टर श्री जैन ने स्ट्रांग रूम की कडी निगरानी एवं सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता रखने के निर्देश दिए। उन्होसने कहा, कि बगैर परिचय पत्र के किसी को भी मतगणना केंद्र परिसर में प्रवेश नहीं दिया जाए।

# अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर संगोष्ठी सम्पन्न

**सीतामऊ, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस 22 मई के अवसर पर सामान्य वन मंडल मन्दसौर के तत्वावधान में वन परिक्षेत्र मन्दसौर अंतर्गत शासकीय महा विद्यालय सीतामऊ में जैव विविधता कार्यशाला संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में वनपरिक्षेत्राधिकारी मन्दसौर श्री रतनसिंह सिंगोड, कार्यवाहक उपवनक्षेत्रपाल सीतामऊश्री रघुराजसिंह सिसोदिया, वनरक्षक श्री कारूसिंह चौहान तथा शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दलेन्द्र कुमार भट्टतथा प्रोफेसर श्री गिरीश शर्मा तथा कॉलेज के लगभग 100 विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम में श्री रघुराजसिंह सिसोदिया द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया एवं मन्दसौर जिले में पाई जाने वाली जैवविविधता के बारे में विद्यार्थीयों को विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्रोफेसर श्री गिरीश शर्मा द्वारा जैव विविधता के बारे में उनके द्वारा हिंगलाजगढ क्षेत्र में किए जा रहे शोध के बारे में विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला गया। अंत में श्री रतनसिंह सिंगोड़ द्वारा आभार व्यक्त किया गया।



# लू से बचाव के लिए सावधानी बरतना जरूरी

## पानी, छाछ व अन्य तरल पदार्थो का सेवन करें, लू(तापघात) से बचाव क्या करें, क्या न करें ?

**नीमच, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** गर्मी का मौसम प्रारम्भ हो गया है, अधिक तापमान के बदलाव से लू लगने की संभावना होती है। इसके साथ-साथ खाद्य व पेय पदार्थों के दूषित होने की संभावनाऐं भी बढ़ जाती हैं। सीएमएचओ डॉ.एस.एस. बघेल ने बताया, कि लू(तापघात) से बचाव के लिए हैं।आमजन धूप व गर्मी से बचें। घर में हवादार, ठंडे स्थान पर रहें। बाहर जाना आवश्यक हो, तो सुबह व शाम के समय जाये। अत्याधिक शारीरिक श्रम वाली गतिविधियां अधिकतम तापमान वाले घंटों में न करें। सफेद व हल्के रंग के वस्त्रों का उपयोग करें, सिर को कपडे या टोपी से ढ़कें। जूते-चप्पल तथा नजर के काले चश्में का प्रयोग करें। धूप में जाने से पहले भोजन व पर्याप्त पानी पियें। पेय पदार्थो(र्नान अल्कोहॉलिक)जैसे नींबू पानी, लस्सी, छांछ, जलजीरा, आमपना, दही, नारियल पानी आदि का सेवन करें। ताजा एवं स्वच्छ भोजन का सेवन करें।

जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद ने सभी जनपद सीईओं, नगरीय निकायों के सीएमओ को गर्मी व लू से बचाव के लिए आमजनों हेतु आवश्येक सुविधाएं उपलब्धर कराने के निर्देश दिए है। जिला पंचायत सीईओ ने प्रमुख चौराहों, स्थधलों पर पेयजल हेतु ठण्डेक पानी की केम्प, र रखवाने, आमजनों के बैठने हेतु पर्याप्त छाया की व्यलवस्थाह सुनिश्चित करने, यदि संभव हो तो पंखे, कूलर की व्यकवस्थार करने, ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में गर्मी से बचाव एवं लू लगने पर उसके उपचार के लिये पर्याप्तक प्रचार प्रसार करने, साथ ही आमजनों को जहां तक आवश्यरक न हो उन्हें र बाहर नहीं निकलने की सलाह देने के निर्देश दिए है।

**लू से बचाव के लिए:-** शिशुओं तथा बच्चों, 65 वर्ष से अधिक आयु के महिला व पुरूष घर के बाहर काम करने वाले, मानसिक रोगियों तथा उच्च रक्तचाप वाले मरीजों का विशेष ध्यान रखें। बंद गाड़ी के अंदर का तापमान बाहर से अधिक होता है। किसी को बंद पार्किंग में रखी गाड़ी में अकेला न छोड़ें। बहुत अधिक भीड़, गर्म, घुटन भरे कमरों, रेल, बस आदि में यात्रा गर्मी के मौसम में अत्यावश्यक होने पर ही करें। यदि किसी व्यक्ति को लू लगने का संदेह होता है, तो उसे तत्काल ठण्डे स्थान पर रखें। पानी, छांछ व अन्य तरल पदार्थों को पर्याप्त मात्रा में ले। यदि आराम न लगे तो तुरंत निकट के अस्पयताल में चिकित्सतक को दिखाकर, उपचार लाभ लें।

**लू से बचाव के लिए रखें सावधानी-** जिले में गर्मी के मौसम में लू से बीमार होने की संभावना हो सकती हैं। ऐसे में हर नागरिक कि जिम्मेदारी है, कि वह अपने परिवार व स्वयं के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए लू से से बचे।

**लू के प्रमुख लक्षण इस प्रकार है-** गर्म लाल और सुखी आंखे होना, मतली या उल्टी आना, तेज सिरदर्द होना, मांश-पेशियो में कमजोरी व दर्द होना, साँस फूलना या दिल की धड़कन तेज होना, घबराहट, चक्कर आना या बेहोशी, शरीर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या इससे अधिक होना। यदि इस प्रकार के लक्षण दिखें, तो तुरंत नजदीकी शासकीय स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक को दिखाए और उचित उपचार लें।

**लू से बचने के लिए यह सावधानिया रखें-** धूप में जाते समय सफ़ेद या हल्के रंग के सूती वस्त्रब पहने, पानी एवं पेय पदार्थ का अधिक सेवन करें। ठन्डे मौसमी फल खाए, बुजुर्गो का खास ध्यान रखें, सादा खाना और तरल पदार्थो का सेवन करें। गर्दन के पिछले भाग, कान और सिर को गमछे या तोलिये से ढक कर ही धूप में निकलें। रंगीन चश्मे व छतरी का उपयोग करें। तेज धूप के समय दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक हो सके, तो इनडोर रहें।

# मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 45 | 2189 | 2420 |
| उडद | 000 | 0000 | 0000 |
| सोयाबीन | 3400 | 3815 | 4860 |
| गैहु | 5400 | 2350 | 3050 |
| चना | 275 | 5900 | 6450 |
| मसुर | 229 | 5400 | 6350 |
| धनिया | 242 | 5591 | 7180 |
| लहसुन | 15800 | 6351 | 21500 |
| मैथी | 1199 | 5100 | 6100 |
| अलसी | 956 | 5981 | 6450 |
| सरसो | 442 | 5100 | 5481 |
| तारामीरा | 3 | 4680 | 4761 |
| इसबगोल | 64 | 11700 | 15000 |
| प्याज | 1122 | 400 | 1301 |
| कलोंजी | 76 | 16000 | 20651 |
| डॉलर | 54 | 6680 | 10151 |
| तिल्ली | 1 | 12799 | 12799 |
| मटरसुखी | 5 | 2801 | 4651 |
| असालीया | 80 | 9590 | 10550 |

## डोडाचूरा तस्करी करने वाले को 4 वर्ष का सश्रम कारावास एवं जुर्माना

**मंदसौर, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** विषेष न्यायधीष महोदय (एन.डी.पी.एस. एक्ट) मंदसौर द्वारा आरोपी रूस्तम पुत्र लतीफ मंसूरी, आयु-34 वर्ष, निवासी-ग्राम डोराना, तहसील-दलौदा, जिला-मन्दसौर को अवैध रूप से मादक डोडाचूरा की तस्करी करने के आरोप का दोषी पाकर 04 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 10,000 रूपये जुर्माने से दंडित किया गया।



अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी दीपक जमरा द्वारा घटना के संबंध में बताया कि दिनांक 08.07.2017 को थाना नारकोटिक्स सेल इंदौर प्रकोष्ठ मंदसौर के उपनिरीक्षक विनित दुबे को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक व्यक्ति प्लास्टिक के एक कट्टा जिसमें डोडाचूरा छिलका भरा हुआ है अपने हाथ में पकड़कर किसी तस्कर को देने के लिए जा रहा है, जो कि नयाखेड़ा-डोराना मार्ग पर खड़ा है, यदि तत्काल घेराबंदी की जाय तो सफलता मिल सकती है। उक्त सूचना विश्वसनीय होने से मय फोर्स एक टीम को रवाना किया गया, जो जवासिया फंटा, नयाखेड़ा-डोराना मार्ग पर पहुंची, जहॉ मुखबिर सूचना के बताये अनुसार एक व्यक्ति अपने हाथ में एक प्लास्टिक का कट्टा पकड़े दिखा था, जिसे फोर्स की मदद से पकड़ा, उसका नाम, पता पुछने पर उसने अपना नाम रूस्तम बताया। तत्पश्चात उपनिरीक्षक विनीत दुबे द्वारा उक्त व्यक्ति की तलाशी लिए जाने पर उसके हाथ में एक प्लास्टि का कट्टा था उसे खोलने पर उसके अंदर डोडाचूरा के छिलके जैसा पदार्थ भरा होना पाया गया, जिसे सूंघकर देखे जाने पर मादक पदार्थ डोडाचूरा होना पाया गया। आरोपी से पूछे जाने पर आरोपी के पास डोडाचूरा रखने एवं उसके परिवहन को हेतु कोई वैध लाईसेंस न होना बताया। उक्त मादक पदार्थ डोडाचूरा का तौल किये जाने पर वजन 30 किलोग्राम होना पाया गया, मौके पर ही आरोपी रूस्तम को गिरफ्तार कर गिरफ्तारी पंचनामा बनाया गया, आरोपी के विरूद्ध थाना नारकोटिक्स सेल इंदौर में अपराध क्रमांक 28/2017 की प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया, विवेचना के दौरान ही जप्तीकर्ता एवं साक्षीगण के कथन तथा विवेचना की अन्य औपचारिकताएं पूर्ण करने के पश्चात् आरोपी के विरूद्ध अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान प्रकरण में न्यायालय के समक्ष विशेष लोक अभियोजन द्वारा रखे गये तथ्यो व तर्को से सहमत होकर साक्ष्य के आधार पर माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को दोषसिद्ध किया। प्रकरण में अभियोजन का सफल संचालन विषेष लोक अभियोजक श्री दीपक जमरा द्वारा किया गया।

## बालिका का बुरी नियत से हाथ पकड़ने वाले आरोपी को 3 वर्ष का सश्रम कारावास

**नीमच, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** श्रीमान सुशांत हुद्दार, सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश महोदय, (पॉक्सों एक्ट), जिला नीमच द्वारा 15 वर्षीय नाबालिक पीडिता के घर में घुसकर बुरी नियत से हाथ पकडने वाले आरोपी मुकेश पिता शंकरलाल जोशी, उम्र-40 वर्ष, निवासी-362, वार्ड नंबर-11, ग्राम पालसोडा, थाना जीरन, जिला नीमच को धारा 354 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000रू अर्थदण्ड, धारा 452 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000रू अर्थदण्ड, धारा 7/8 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 के अंतर्गत 03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000रू अर्थदण्ड, धारा 3(1)(डब्ल्यू)(आई) अनुसुचित जाति एवं अनुसुचित जनजाति अत्याचार (निवारण) अधिनियम, 1989 के अंतर्गत 03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000रू अर्थदण्ड एवं धारा 3(2)(वीए) अनुसुचित जाति एवं अनुसुचित जनजाति अत्याचार (निवारण) अधिनियम, 1989 के अंतर्गत 03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000रू अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाले विशेष लोक अभियोजक श्री जगदीश चौहान द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 23.08.2021 की शाम के लगभग 5 बजे पुलिस थाना नीमच केंट क्षेत्र में रहने वाली पीडिता के घर की हैं। 15 वर्षीय पीडिता जो कि अनुसुचित जाति की सदस्य हैं उसके द्वारा थाना नीमच केंट में उपस्थित होकर आरोपी के विरूद्ध आवेदन-पत्र दिया गया कि घटना दिनांक को उसके माता-पिता घर में नही थे तथा वह घर में अकेली थी, तभी आरोपी मुकेश जो कि हर शनिवार बाल्टी लेकर मांगने (शनि महाराज) आता हैं, उसने पीडिता के घर का दरवाजा खटखटया और एक गिलास पानी मांगा। पीडिता पानी लेने के लिए घर के अंदर गई तब आरोपी भी पीछे-पीछे घर के अंदर घुंस गया, तब पीडिता ने आरोपी से पूछा क्या हुआ तो आरोपी ने कहा की मोबाईल चार्जिग पर लगाना हैं, ऐसा बोलते हुए आरोपी ने पीडिता का बुरी नियत से हाथ पकड लिया, जिस कारण पीड़िता डरकर हाथ छुडाकर घर से बाहर निकल गई और चिल्लाई जिससे आस-पास के लोग आ गये, जिस कारण आरोपी वहा से भाग गया। पीडिता के आवेदन पर से आरोपी के विरूद्ध थाना नीमच केंट में प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीबद्ध की गई। विवेचना के दौरान आरोपी को गिरफ्तार कर एवं पीडिता की उम्र व जाति के संबंध में आवश्यक साक्ष्य एकत्रिक करते हुए आवश्यक अनुसंधान पूर्ण कर अभियोग पत्र विशेष न्यायालय (पॉक्सों एक्ट), नीमच में प्रस्तुत किया गया। अभियोजन द्वारा माननीय विशेष न्यायालय (पॉक्सों एक्ट) नीमच के समक्ष विचारण के दौरान पीडिता सहित सभी महत्वपूर्ण साक्षीगण के बयान कराकर आरोपी के विरूद्ध अपराध को संदेह से परे प्रमाणित कराकर घटना की गंभीरता को देखते हुए आरोपी को कठोर दण्ड से दण्डित किये जाने का निवेदन किया गया, जिससे सहमत होकर माननीय विशेष न्यायालय (पॉक्सों एक्ट) नीमच द्वारा आरोपी को उपरोक्त दण्ड से दण्डित किया गया एवं जुर्माने की संपूर्ण राशि 5000रू पीडिता को प्रतिकर के रूप में प्रदान किये जाने का आदेश भी पारित किया गया। न्यायालय में शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक श्री जगदीश चौहान द्वारा की गई।





# केन्या डेलीगेशन ने किया गांधीसागर अभ्यारण्य का भ्रमण

### गांधीसागर अभ्यारण्य में प्रचलित चीता पुर्नस्थापना योजना अन्तर्गत प्रचलित कार्यों का लिया जायजा

**मंदसौर, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** भारत सरकार की अतिमहत्वाकांक्षी योजना चीता पुनर्स्थापना योजना अन्तर्गत केन्या सरकार का 06 सदस्यीय दल गांधीसागर में दो दिवसीय भ्रमण के लिए आया। प्रथम दिवस में भ्रमण दल को अभयारण्य में चीता पुनर्स्थापना के लिए की गई तैयारियों एवं कुनो राष्ट्रीय उद्यान में चीता प्रोजेक्ट के सफ़लतम एक वर्ष के संबंध में विस्तृत प्रस्तुतीकरण गांधीसागर एवं कुनो प्रबंधन द्वारा दिया गया। दूसरे दिन किया क्षेत्र का भ्रमण किया।

दल ने गांधीसागर में प्रचलित एवं पूर्ण हुए कार्यों की भ्रमण किया। अभयारण्य में चीता पुनर्स्थापना अन्तर्गत 6400 हैक्टेयर में बने बाड़े एवं क्षेत्र का भ्रमण। चीतों को भारत सरकार की क्वारंटाइन गाइडलाइन अनुसार गांधीसागर में लाने के उपरांत 30 दिवस के प्रारंभिक क्वारंटाइन के लिये बनाये गये क्वारंटाइन बाड़ो का भ्रमण एवं बाड़े अन्तर्गत चीतों की मॉनिटरिंग के लिए लगाए गए हायमास्ट कैमरा, जल स्त्रोत आदि का भ्रमण। चीतों की मॉनिटरिंग के लिए बनाये गये मॉनिटरिंग रूम का भ्रमण। चीता हेतु निर्मित किए जा रहे उपचार केंद्र का भ्रमण।

भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून एवं नेशनल टाइगर कंज़र्वेशन अथॉरिटी के विशेषज्ञों द्वारा भारत में वन्यप्राणियों की मॉनिटरिंग के लिए उपयोग किए जा रहे उपकरणों एवं तकनीकी के संबंध में भी भ्रमण दल को अवगत कराया। दक्षिण अफ्रीका एवं नामीबिया के साथ हो चुका है एमओयू - भारत से विलुप्त हो चुके चीतों को पुन: बसाने के लिए भारत सरकार द्वारा दक्षिण अफ्रीका एवं नामीबिया के साथ पूर्व में ही एमओयू हस्ताक्षरित किया जा चुका है। वर्तमान में केन्या से आये दल द्वारा भी चीता पुनर्स्थापना हेतु चयनित स्थलों को भ्रमण किया जाएगा, ताकि निकट भविष्य में केन्या के साथ भी चीता के संबंध में आवश्यक कार्यवाही की जा सके जो की भारत में चीता पुनर्स्थापना एवं इनके संरक्षण हेतु चीता प्रोजेक्ट के माध्यम से किए जा रहे प्रयासों को और अधिक बल देगी।

**स्थानीय अधिकारी भी रहे भ्रमण दल के साथ** –केन्या से आये दल के साथ नेशनल टाइगर कंज़र्वेशन अथॉरिटी के अधिकारी, कुनो नेशनल पार्क डायरेक्टर, वन संरक्षक उज्जैन, वन मंडल अधिकारी मंदसौर एवं गांधीसागर का स्थानीय स्टाफ़ उपस्थित थे।

## आईटीआई में प्रवेश के लिए ऑनलाईन पंजीयन करवाएं

**नीमच, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** जिले के सभी शासकीय एवं निजी आई.टी.आई. में संचालित विभिन्नै पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीयन प्रकिया प्रारंभ हो गई है। प्रवेश के ईच्छुक आवेदक इन्टरनेट के माध्यम से या ऑनलाइन सहायता केन्द्रो से डी.एस.डी.पोर्टल पर अपना पंजीयन एवं चयन कर सकते है। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था जावद में 10वीं कक्षा उत्तीर्ण प्रतिभागी व्यवसाय(ट्रेड)- इलेक्ट्रिशियन, फिटर, वेल्डर, कोपा, मेकेनिक मोटर व्हीकल एवं इन्स्ट्रूमेंट मेकेनिक के लिए आवेदन कर सकते है। कोई आवेदक तकनीकी व्यवसायिक शिक्षा में प्रशिक्षण लेने हेतु रूचि रखता है तो वह प्रवेश के लिए आवेदन करें। अधिक जानकारी पंजीयन एवं प्रवेश के लिए रूपारेल जावद स्थित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था जावद जिला-नीमच से सम्पर्क किया जा सकता है। इसके साथ ही जिले के आई.टी.आई.रामपुरा, नीमच, जावद एवं मनासा से भी संपर्क किया जा सकता है।

# सरकार, सीए और करदाता के बीच आईसीएआई की डायरेक्ट टैक्स कमेटी महत्वपूर्ण सेतु का कार्य करती है-सीए छाजेड़

### मंदसौर सीए ब्रांच द्वारा आयकर के विभिन्न प्रावधानों पर सेमिनार सम्पन्न

**मंदसौर, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** दि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की डायरेक्ट टैक्स कमेटी सरकार, चार्टर्ड अकाउंटेंट व करदाता के बीच महत्वपूर्ण सेतु का कार्य करती है। बजट के पूर्व यह कमेटी अपने चार्टर्ड अकाउंटेंट साथियों के माध्यम से करदाताओं व चार्टर्ड अकाउंटेंट के व्यावहारिक सुझावों को आमंत्रित कर सरकार को प्रस्तुत करती है और उन सुझावों के आधार पर बजट तैयार करने में सरकार को अपना सहयोग प्रदान करती है। सरकार भी इन सुझावों पर अमल करके एक जनहितकारी बजट प्रस्तुत करने में कामयाब होती है।



उक्त विचार दि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउण्टेन्टस ऑफ इंडिया की डायरेक्ट टैक्स कमिटी के चेयरमेन मुंबई से पधारे सीए पियूष छाजेड ने मन्दसौर में आयोजित चार्टर्ड अकाउण्टेन्टस की आयकर के प्रावधानों पर आयोजित वर्कशाप को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। इस अवसर पर आपने अपनी कमेटी के कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि डायरेक्ट टैक्स कमेटी इंस्टीट्यूट की एक महत्वपूर्ण कमेटी है और इस कमेटी के माध्यम से देश भर में प्रैक्टिस कर रहे चार्टर्ड अकाउण्टेन्ट कर निर्धारण प्रक्रिया में आ रही व्यावहारिक समस्याओं व उनके समाधानों को सरकार तक पहुँचा सकते हैं। इस अवसर पर आपने टैक्स ऑडिट से सम्बन्धित विभिन्न प्रावधानों के बारे में भी सदस्यों को जानकारी प्रदान की व उनकी जिज्ञासाओं का भी समाधान किया। कार्यक्रम में भोपाल से पधारे सेन्ट्रल कौंसिल सदस्य व अकाउंटिंग स्टैण्डर्ड बोर्ड के वाइस चेयरमेन सीए अभय छाजेड ने इंस्टीट्यूट के द्वारा निर्धारित अकाउंटिंग स्टैण्डर्ड के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि ऑडिट के दौरान समस्त अकाउंटिंग स्टैण्डर्ड का ध्यान रखते हुए ही ऑडिट रिपोर्ट तैयार की जानी चाहिये। आपने बताया कि इन स्टैण्डर्ड के पालन की वजह से ही भारतीय अंकेक्षकों द्वारा तैयार ऑडिट रिपोर्ट को विश्व में अत्यन्त उच्च मानकों पर माना जाता है। अनेक देशों के चार्टर्ड अकाउण्टेन्ट संस्थानों ने भी भारतीय अकाउंटिंग स्टैण्डर्ड को अपने यहाँ पर लागू किया है।

भोपाल से पधारे भोपाल ब्रांच के पूर्व अध्यक्ष सीए अमित जैन ने आयकर में टीडीएस के प्रावधानों पर विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए टीडीएस रिटर्न भरने में होने वाली सामान्य गलतियों व उनके प्रभावों पर भी चर्चा की। आपने बताया कि टीडीएस रिटर्न भरने में होने वाली गलती का खामियाजा टैक्स काटने वाले करदाता के साथ साथ टैक्स कटवाने वाले करदाता को भी भुगतना पड़ता है। इसलिये टीडीएस रिटर्न को अत्यन्त सावधानीपूर्वक फाइल किया जाना आवश्यक है। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वागत भाषण के दौरान ब्रांच चेयरमेन सीए दिनेश जैन ने ब्रांच की गतिविधियों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 1 माह के दौरान विभिन्न गतिविधियों में इंस्टीट्यूट की अनेक कमेटी चेयरमैन व सेंट्रल कौंसिल सदस्य व विशिष्ट वक्ताओं का मन्दसौर में आगमन हुआ है और इसका प्रत्यक्ष लाभ मन्दसौर के सदस्यों व अप्रत्यक्ष लाभ मन्दसौर जिले के करदाताओं को भी प्राप्त होगा। शीघ्र ही मन्दसौर की व्यापारिक संस्थाओं के साथ मिलकर भी इसी प्रकार के सेमिनार आयोजित करने का मन्दसौर ब्रांच का लक्ष्य है। सीए मोटो सांग विद्यार्थीगण कु. महिमा मोटवानी, लवीना भगतानी व नंदिनी बैरागी ने प्रस्तुत किया।

अतिथि परिचय सीए अर्पित नागदा, सीए विकास भंडारी व सीए अर्पित नागर द्वारा दिया गया। अतिथियों का स्वागत सीए दिनेश जैन, सीए राजेश मंडवारिया, सीए विकास भंडारी, सीए विरेन्द्र जैन, सीए नयन जैन, सीए अर्पित नागदा, सीए अंकित नागर, सीए सुमित सोनी, सीए नयन जैन आदि ने किया। सीए राजेश मंडवारिया, सीए अर्पित नागदा, सीए सुबोध सिंहल, सीए योगेन्द्र जैन, सीए रितेश पारिख व सीए अंकुश जैन ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किये। कार्यक्रम का संचालन सीए विनय अग्रवाल ने किया व आभार प्रदर्शन सीए विरेन्द्र जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जावरा व प्रतापगढ के चार्टर्ड अकाउण्टेन्ट भी उपस्थित रहे।

## मासूम से ज्यादती के आरोपी को भेजा जैल

**पिपलियामंडी, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** 2 वर्षीय मासूम बालिका के साथ ज्यादती के आरोपी 61 वर्षीय वृद्ध को कोर्ट ने जैल भेजने के आदेश दिए। जानकारी के अनुसार पिपलिया में दुर्गा चौक में निवासरत कमल पिता रामलाल खटीक ने मंगलवार को घर में बंद कर 2 वर्षीय बालिका से ज्यादती की थी, परिजनों की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर दुष्कर्म सहित पाक्सो एक्ट में केस दर्ज किया था। एसडीओपी नरेन्द्र सोलंकी ने बताया कि आरोपी को बुधवार को कोर्ट में पेश किया, जिसे जैल भेजने के आदेश हुए।



## सांसद सुधीर गुप्ता को भेट की पेंसिल स्केच से बनी तस्वीर

**मंदसौर, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** पेंसिल स्केच बनाना एक सुन्दर कला है इसी कला से इटली में इंजीनियरिंग कर रहे शोभित धींग पिता विनय धींग ने सांसद सुधीर गुप्ता का सुंदर स्केच बनाया एवं उनको सम्मान स्वरूप प्रदान किया।

सांसद श्री गुप्ता ने बालक शोभित की प्रशंसा की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए पूछा कि उसने यह आर्ट कहा से सीखा तो शोभित ने कहा कि मेरे दादाजी स्वर्गीय तेजकरण धींग ने इसे सीखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ज्ञातव्य है कि पूर्व में भी शोभित द्वारा सम्राट यशोधर्मन का पेंसिल स्केच बनाया गया था जिसके आधार पर बनी प्रतिमा को तेलिया तालाब पर स्थापित किया गया था।

## उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन पर मिला नीमच जिले को प्रशस्ति पत्र

**नीमच, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण, राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के संचालक श्री धनराजू एस. व्दारा कलेक्टर एवं जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण जिला नीमच के अध्यक्ष श्री दिनेश जैन एवं नीमच जिले की टीम को उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत आयोजित मूल्यांकन परीक्षा के लक्ष्य के विरूद्ध 101 प्रतिशत असाक्षरों को सम्मिलित करवाकर नीमच जिले व्दारा सराहनीय कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है। संचालक श्री धनराजू एस. ने नीमच जिले की टीम व्दारा पूर्ण निष्ठा, लगन, समर्पण एवं प्रतिबद्धता के साथ किए गये उक्त कार्य की सराहना करते हुए कहा, कि उक्त कार्य के परिणाम स्वरूप नीमच जिले तथा म.प्र. को राष्ट्रीय स्तर पर गौरव प्राप्त हुआ है।



## राज्यस्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिये दलौदा के 7 खिलाड़ियों का चयन

**मंदसौर, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** 69वी राज्य स्तरीय सीनियर बालक/बालिका वॉलीबॉल प्रतियोगिता 22 से 26 मई 2024 तक अम्बाह,( मुरैना) मे आयोजित होगी, जिसमें दलौदा स्पोर्टर्स एकेडमी दलौदा 7 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। इसमें बालिका वर्ग में ऋषिका सिसोदिया, माही राठौर, विशाखा बोरीवली एवं बालक वर्ग में कृष्णा बैरागी, लक्कीराज सिंह राजपूत, वेद प्रताप सिंह, हर्षवर्धनसिंह का चयन किया गया। खिलाड़ियों के चयन होने पर विपिन जैन, विकास सुराणा, हेमंत धनोतिया, मोहसिन अख्तर, त्रिभुवन कवीश्वर, दीपक पोरवाल, अमित जैन, मधुसूदन पाटीदार, अनिल कैथवास, रितेश राठी, शीतल जैन ,विजेंद्र देवड़ा, अविनाश उपाध्याय, राजू कुमार, अब्दुल रज्ज़ाक, बंशीलाल बरीवाला, अशोक शर्मा, अभिषेक सेठिया, एम्ब्रोस वाल्टर, चंदन शर्मा, दिनेश धाकड, हरीश सिंह चुंडावत, संतोष राव, मनोहर घारू, धीरज, आशीष रेठा, अनिल दास बैरागी आदि ने बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की यह जानकारी दलौदा स्पोर्टर्स एकेडमी दलौदा के सचिव अभिषेक सेठिया ने दी।

## बोराना ने किया 40 वीं बार रक्तदान

**पिपलियामंडी, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर मल्हारगढ़ ब्लाक कांग्रेस उपाध्यक्ष पंकज बोराना ने मंदसौर जिला चिकित्सालय में जरुरतमंद को रक्त दिया। बोराना ने 40 वीं बार रक्तदान किया। उन्होंने आमजन को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया।

# दुर्घटना में मददगार बन रहा एक्सीडेंटल कार्ड, मिल रही वाहन मालिक और परिवार की जानकारी

**मनासा, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** बढ़ती दुर्घटना को देख गांव भाटखेड़ी के कमलेश कारपेंटर ने अपने 2 दोस्तों के साथ मिलकर एक्सीडेंटल कार्ड बनाया है। यह एक क्यूआर है जिसे स्कैन करने पर गाड़ी नंबर, मालिक का नाम पता मिलने के साथ तीन पारिवारिक सदस्यों की जानकारी तत्काल मिल जाएगी जिसे दुर्घटना होने पर उनसे तत्काल सम्पर्क कर सकते है। वही एक्सिटेंडल कार्ड के माध्यम से एम्बुलेंस, पुलिस और सड़क दुर्घटना आपात कालीन नंबर को भी सूचना की जा सकती है।



कमलेश कारपेंटर ने बताया अक्सर व्हाटसप ग्रुप ओर अन्य सोशल मीडिया प्लेट फार्म पर देखने को मिलता है यहां एक्सीडेंट हो गया कोई इस व्यक्ति को जानता हो तो इसके परिवार तक जानकारी पहुचाने में मदद करे। इसी से एक्सिडेंटल कार्ड बनाने का आइडिया दिमाग मे आया। मेने अपने मित्र अंकुश बैरागी ओर धीरज सुथार के साथ मिलकर योजना पर काम शुरू किया और एक्सिडेंटल कार्ड की एक वेबसाइड बनाकर एक क्यूआर जनरेट किया। एक्सिडेंटल कार्ड सिर्फ पहचान पत्र नही आपके जीवन की सुरक्षा की डोर है यह एम्बुलेंस, पुलिस, सड़क दुर्घटना आपातकालीन नंबर साथ लेकर चलता है। एक्सीडेंटल कार्ड स्कैन करने पर गाडी नंबर, मालिक का नाम, उसका ब्लड ग्रुप सहित आपके तीन रिश्तेदार की जानकारी देगा जिससे आप आसानी से सम्पर्क कर सड़क दुर्घटना की जानकारी दे सकते है। इससे घायल को उपचार में मदद मिलेगी। तत्काल परिवार, पुलिस, एम्बुलेंस ओर आपातकालीन नंबर को सूचना मिलने से घायल को बेहतर मेडिकल सुविधा देकर बचाया जा सकता है। एक्सीडेंटल कार्ड की कीमत मात्र 50 रूपए रखी ताकि कोई भी व्यक्ति इसे आसानी से अपने वाहन पर लगा सके।

हर घण्टे औसतन 53 सडक दुर्घटना, 19 की मौत-भारत मे हर घण्टे औसतन 53 सडक दुर्घटना हो रही है इसमे करीब 19 लोग की मौत हो रहीं है। भारत मे वर्ष 2022 के दौरान कुल 4,61,312 सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गई, जिसमें 1,68,491 लोगों की मौत हो गई और हादसे में 4,43,366 लोग घायल हुए थे। केंद्रीय सड़क और परिवहन राजमार्ग मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों से मुताबिक भारत मे सड़क हादसों में 12 फीसदी की वृद्धि हुई है।

**मप्र में एक साल में 12057 की मौत**–एमपी में वर्ष 2022 में कुल 48,877 सड़क हादसे हुए. इनमें 12,057 मौत और 48,956 लोग घायल हुए. ग्रामीण क्षेत्र में 58% (28,175) और शहरी क्षेत्र में 42% (20,702) सड़क हादसे हुए. ग्रामीण क्षेत्र में शहर की तुलना में 71%(8,562) मृत्युदर है. शहरी क्षेत्र में मृत्युदर 29 % है। भोपाल शहर में 1 जनवरी 2023 से 30 नवंबर 2023 तक 2716 सड़क हादसे हुए हैं। इनमें 182 लोगों की मौत हुई है।

**सबसे ज्यादा यूथ शिकार, इसलिए जरूरी है एक्सीडेंटल कार्ड**–पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार सडक हादसों में सबसे ज्यादा मौत 25 से 35 आयु वर्ग के बीच के लोगों की हुई है इसमे अधिकांश कारण दुर्घटना का कारण ओवर स्पीड ओर हेलमेट नही होना है। एक्सीडेंटल कार्ड सड़क दुर्घटना से सुरक्षा की जागरूकता का संदेश देने के साथ ही वाहन मालिक से लेकर परिवार का डाटा साथ लेकर चलता है।

**एक्सीडेंटल कार्ड लगाने के साथ दे रहे ट्राफिक नियम की जानकारी**–एक्सिटेंडल कार्ड लगाने के साथ ही कमलेश कारपेंटर ओर उनकी टीम लोगो को ट्राफिक नियम की भी जानकारी दे रही है। ताकि लोगो मे जागरूकता आए और वह यातायात नियमो का पालन करे। इससे भी दुर्घटना को कम कियॉ जा सकता है।

**क्यूआर कैसे स्कैन करे**–एक्सीडेंटल कार्ड पर लगा क्यूआरस्कैन करने पर वाहन मालिक और उसके परिवार की पूरी जानकारी खुल जाएगी। स्कैन्नर को फोन पे, गूगल पे, गूगल कैमरा सहित अन्य किसी भी क्यूआर स्कैन्नर से स्कैन किया जा सकता है। आई फोन में सीधे कैमरा भी क्यूआरको स्कैन कर पूरी जानकारी देगा।

**आवश्यकता है**

रेडीमेड कपड़ों की दुकान के लिए

**सेल्समेन** की आवश्यकता है

वेतन योग्यतानुसार

**दिलीप स्टोर्स**

कालाखेत, मंदसौर, मो.-8839455308

**इंदौर के मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर त्वचा रोग विशेष एवं डर्मेटोलेजर सर्जन**

**डॉ. परीक्षित शर्मा**

एम.डी. (स्कीन)

शनिवार दिनांक 25 मई को शाम 5 से रात 8 और रविवार 26 मई को सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक उपलब्ध रहेंगे।

सुविधाएं-✻ चेहरे के कील-मुहासे, चोट व चेहरे के निशान, ऑखों के नीचे कालापन, चेहरे व हाथों का कालापन, ✻ एक्जीमा, सोरियासिस, सफेद दाग का इलाज व सर्जरी, ✻ शरीर पर तिल व मस्सों (Warts) को मशीन द्वारा हटाना, ✻ गर्भावस्था में होने वाले स्ट्रेचमार्क्स की चिकित्सा, ✻ असमय झड़ते बालों का आधुनिक पद्धति से ईलाज, ✻ शरी पर टेटू (गोदना) को मशीन द्वारा हटाना, ✻ लेजर मशीन द्वारा अनचाहे बालों से छुटकारा, ✻ बच्चों व बुजुर्गों की त्वचा संबंधित समस्याएं, ✻ नाखुन में होने वाले रोगों का उपचार, ✻ सौन्दर्य परामर्श (Cosmetic Consultation)

करजूवाला कम्पाउण्ड, पमनानी हॉस्पिटल के पीछे, स्टेशन रोड़, मंदसौर सम्पर्क-9424813088

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है।
फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in